राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 65 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च पर वेबिनार को संबोधित किया।

# लालू परिवार पर सीबीआई का शिकंजा

## राबड़ी आवास से 5 घंटे बाद निकली सीबीआई की टीम, 2024 तक यह सिलसिला चलता रहेगा: तेजस्वी यादव

### गलत कर रही बीजेपी: राजद

= हमलोग तो निश्चिंत हैं। हर महीने सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स आते रहते हैं। 2024 तक यह सिलसिला चलता रहेगा: तेजस्वी



**पटना/टीम एक्शन इंडिया**
**राष्ट्रीय जनता** दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की पत्नी पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर सोमवार सुबह सीबीआई की टीम पहुंची। करीब 5 तक राबड़ी देवी से पूछताछ के बाद टीम राबड़ी आवास से बाहर निकली। सीबीआई अधिकारियों ने मीडिया से बातचीत करने की कोशिश लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया और चले गए। सीबीआई टीम जमीन के बदले नौकरी केस में पूछताछ कर रही है। इस केस में लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती समेत 14 लोग आरोपी हैं। जिस समय टीम पहुंची, राबड़ी देवी विधान परिषद् जाने की तैयारी कर रही थीं। इस मामले में डिप्टी सीएम ने कहा कि राबड़ी आवास पर सीबीआई की टीम पूछताछ कर रही है। इस मामले पर उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि हम तो निकल गए थे। इसके बाद पता चला कि सीबीआई की टीम पहुंची है। बताया कि जमीन के बदले नौकरी केस में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से पूछताछ कर रही है। देखिए, हमलोग तो निश्चिंत हैं। हर महीने सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स आते रहते हैं। 2024 तक यह सिलसिला चलता रहेगा। इससे हमलोगों को कोई फर्क नहीं पड़ा। जब कोई गलत हुआ नहीं तो उसकी चिंता हमलोगों को नहीं है।

**2024 के चुनाव में जनता जवाब देगी:** इधर, राबड़ी आवास के बाहर राजद समर्थक धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि लालू प्रसाद सिंगापुर से लौटे हैं। उनकी थोड़ी सी सक्रियता बढ़ी और एक कार्यक्रम में उन्होंने जनता को संबोधित किया। इसके बाद केंद्र सरकार भयभीत हो गई। बिहार में सबलोग होली की तैयारी में लगे हैं और भाजपा वालों सीबीआई की टीम भेजी है। संस्थाओं का दुरुपयोग किया है। 2024 के चुनाव में जनता इसका माकूल जवाब देगी।

**यह पूछताछ पहले सीबीआई कार्यालय में होने वाली थी:** सूत्रों की मानें तो सीबीआई की टीम द्वारा पूछताछ का कार्यक्रम पहले से तय था। इसके लिए सीबीआई ने नोटिस भेजी थी। पहले तो यह पूछताछ सीबीआई कार्यालय में होने वाली थी, लेकिन बाद राबड़ी आवास पर पूछताछ करने के लिए टीम पहुंची। सोमवार सुबह एक दर्जन अधिकारी 3 गाड़ी से राबड़ी आवास पहुंचे।

### राबड़ी आवास के बाहर राजद समर्थकों की रही भीड़

**सीबीआई** की टीम पहुंचे की सूचना पर राबड़ी आवास के बाहर राजद समर्थकों की भीड़ जुट गई। समर्थक केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करने लगे। उनका कहना है कि मोदी सरकार लालू-तेजस्वी से डरी हुई है इसलिए सीबीआई की टीम को यहां भेजा है। राजद विधायक ने कहा कि लालू परिवार को ट्रॉर्चर करने, धमकाने और सरेंडर के लिए सीबीआई की टीम यहां भेजी है। गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि लालू और तेजस्वी किसी कीमत पर झुकने वाले नहीं है। जनता इसका माकूल जवाब 2024 में देगी।

**लालू यादव को सीबीआई का समन, जमीन के बदले नौकरी केस में जल्द हो सकती है पूछताछ : राष्ट्रीय** जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव से भी जल्द ही पूछताछ हो सकती है। सीबीआई अधिकारियों के हवाले से बताया कि जमीन के बदले नौकरी मामले में कुछ दिन पहले सीबीआई ने लालू यादव को नोटिस जारी किया था। बताया जा रहा है कि केंद्रीय जांच एजेंसी जल्द ही उनसे पूछताछ कर सकती है।

## राहुल गांधी विवादों की आंधी: अनुराग ठाकुर




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी की लंदन यात्रा पर विवाद खत्म होते नजर नहीं आ रहा है। लंदन के कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में दिए बयान पर लगातार राहुल गांधी घिरते नजर आ रहे हैं। अब केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने राहुल पर निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने उन्हें विवादों की आंधी बताया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विवादों की आंधी बन गए हैं। विदेशी दोस्त, विदेशी एजेंसी या फिर विदशी चैनल हो किसी का भी दुरुपयोग करके भारत को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा अपनी नाकामी को छिपाने के लिए विदेशी जमीन से राहुल ने भारत को बदनाम करने का ठेका लिया है।

## उमेश पाल शूटआउट: एक और आरोपी हुआ ढेर



**प्रयागराज/टीम एक्शन इंडिया**
**उमेश** पाल हत्याकांड में प्रयागराज की पुलिस और एसटीएफ की टीम ने दूसरे शूटर को भी मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। यह वही शूटर है जो पास की दुकान पर खड़े होकर सामान खरीदने का नाटक कर रहा था और उमेश पाल के पहुंचते ही उनके ऊपर गोलियों की बौछार करने लगा। पुलिस इसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल शूटआउट कांड के 11 वें दिन प्रयागराज पुलिस ने यमुनानगर के कौंधियारा थाना इलाके में एक और बदमाश को मुठभेड़ में मार गिराया है। 50 हजार का इनामी और उमेश पाल एवं सरकारी गनर पर पहली गोली चलाने वाला विजय चौधरी उर्फ उस्मान कौंधियारा थाना इलाके में है।

## सिसोदिया को 20 मार्च तक तिहाड़ जेल भेजा गया



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सीबीआई की हिरासत खत्म होने के बाद सिसोदिया को आज स्पेशल जज एमके नागपाल की कोर्ट में पेश किया गया। उन्होंने सिसोदिया को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

## हिमाचल: कैबिनेट बैठक में नई आबकारी नीति को मंजूरी



**शिमला/चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री** सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में वर्ष 2023-24 के लिए नई आबकारी नीति को स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमण्डल ने वर्ष 2023-24 के लिये राज्य में खुदरा आबकारी दुकानों की नीलामी एवं निविदा को स्वीकृति प्रदान की। इसका उद्देश्य सरकार के राजस्व में पर्याप्त वृद्धि, शराब के मूल्य में कमी और पड़ोसी राज्यों से शराब की तस्करी पर अंकुश लगाना है। बैठक में पांच लीटर केग ड्रोट बियर की खुदरा बिक्री शुरू करने का निर्णय लिया गया। इससे ग्राहकों को बियर की विभिन्न किस्में उपलब्ध होंगी। राज्य की वाइनरियों में आयातित वाइन की बॉटलिंग की अनुमति भी प्रदान की गई है। इससे ग्राहकों के लिए बेस्ट सेलिंग हाई रेंज वाइन ब्रांड उपलब्ध हो सकेंगे। मंत्रिमण्डल ने बागवानों की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत फलों के आसवन द्वारा निर्मित स्प्रिट या इसके डिस्टीलेशन और ब्लेंडिंग द्वारा प्राप्त शराब की नई किस्में शुरू करने का निर्णय लिया।

## यौन उत्पीड़न करने वाले से मांगे जाएं सबूत: विनेश



**कोलकाता/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय पहलवानों** और कुश्ती महासंघ के बीच लड़ाई और बढ़ती जा रही है। दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता विनेश फोगट ने आरोप लगाया कि उन्हें और अन्य महिला पहलवानों को पहले से ही बहुत पीड़ित होने के बाद यौन उत्पीड़न का प्रमाण दिखाने के लिए कहा जा रहा है, जबकि सबूत उत्पीड़न करने वाले से मांगे जाने चाहिए। रेव्सपोर्ट्ज. ट्रेलब्लेजर्स स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव पर विनेश फोगट ने कहा,"हमें यौन उत्पीड़न का प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए कहा जा रहा है। क्या यह पर्याप्त नहीं है कि हम महिलाओं के रूप में पीड़ित होने के वर्षों के बाद बोल रहे हैं? क्या वे मुझसे उम्मीद करते हैं कि उत्पीड़न करने वाला हमें फिर से परेशान करे ताकि हम फिल्म बना सकें और सबूत प्रस्तुत कर सकें? सबूत हमसे नहीं बल्कि उनसे मांगा जाना चाहिए।" भारत की एकमात्र महिला ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक का मानना है कि यह खत्म होने की लड़ाई है और उन्हें इसे हर कीमत पर जीतना होगा। साक्षी ने कहा,"यह लड़ाई अंत तक सभी तरह से जाएगी और हमें इसे भारतीय खेल के लिए जीतना होगा।" सरकार द्वारा गठित ओवरसाइट कमेटी इस मामले पर जल्द ही रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी और फेडरेशन के खिलाफ विरोध करने वाले पहलवानों को विश्वास है कि निर्णय उनके पक्ष में आएगा।

## 'धर्मांतरण करने वालों को न मिले आरक्षण का लाभ'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कहा है कि आरक्षण की सुविधा में किसी तरह का बदलाव नहीं होना चाहिए। यह सुविधा केवल हिंदू धर्म के अनुसूचित वर्गों को मिलना चाहिए, लेकिन जो व्यक्ति धर्मांतरण कर लेता है, उसे इसका कोई लाभ नहीं मिलना चाहिए। विहिप इसके लिए शीघ्र ही पूरे देश में अभियान चलाएगा। केंद्र सरकार ने एक कमीशन बनाकर धर्मांतरित लोगों को आरक्षण की सुविधा देने संबंधी मामलों पर विचार करने के कहा है। विहिप कमीशन के उद्देश्यों को लेकर सशंकित है और इसके विषय में व्यापक बहस आयोजित करने की पहल कर रहा है।








सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
सरदार मान सिंह
पूर्व निगम पार्षद


आप सभी क्षेत्रवासियों को
होली
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
सतीश गर्ग
प्रवक्ता, भाजपा दिल्ली प्रदेश
अध्यक्ष, निष्काम सेवा ट्रस्ट हरिद्वार
सोनिया कोली
देवराज कोली


AAP
सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
एच.सी. यादव
नेता, आम आदमी पार्टी, वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र



सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
पवन कुमार खत्री (मोनी)
महामंत्री, नरेला मण्डल, दिल्ली प्रदेश भाजपा


आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ
Ultra Modern Facilities Available
अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
Cataract Surgery
Spectacles Removal
Glaucoma Management
Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
Diabetic Retinopathy Management
Squint & Lazy Eye Management
Management Of Eye Injury
Eye Problems Of Children
OCT
Complete Eye Checkup
Management Of Painful Eye Red
Management Of Watery Eye
Contact Lens
Retina Surgical & Medical Management
Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)
मोतियाबिंद ऑपरेशन
चश्मा उतरवाना
काला मोतिया का इलाज
ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
तिरछापन एवम् लेजी आई
आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
ओसीटी
संपूर्ण नेत्र जांच
Dr. Singh examining a patient.
आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे
DR RV SINGH (MBBS/ MS)
RVS EYE CENTER
Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre
BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606
MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES


सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
Er. Rt. Narender Chugh
Chairman: Manav Sewa Foundation
Chairman: Rotary Club Delhi Metro Membership Development and Retention
President: Delhi Seeds Association
Chief Patron: Punjabi Sabha, Delhi North-West,
Chief Patron: Shree Ramlila Committee, Model Town
Chief Patron: Sai Sansthan Regd, Delhi
Trustee: MD City Hospital, North Ex, Model Town
Trustee: The Rakesh Bhardwaj Memorial Trust
Trustee: Param Avinashi Hari Govind Dham, Haridwar
Trustee: Madhav Govind Trust, Moradabad
Patron: RWA, Model Town
Patron: Shree Ji Sewa Sansthan
Patron: Senior Citizen Forum Model Town
Executive Member: Federation of Model Town Associations
Life Member: ISCKON International
Life Member: Red Cross Society
Life Member: Rajeev Gandhi Cancer Foundation
HERITAGE SEEDS PVT LTD. 201, 2nd Floor, Lusa Tower, Near Akash Cinema, Azadpur, DELHI-110033
HERITAGE COMMUNICATIONS Chand Nagar, Tilak Nagar, Delhi.
Mobile, Phones Accessories. Also Mobile Repair Shop


BANSAL GROUP
सभी देशवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
हेमराज बंसल
चेयरमैन
प्रधान, आर्य समाज नरेला
मनोज बंसल
तरुण बंसल
तरुण बंसल
BANSAL GARMENTS
147, MAIN BAZAR, NARELA, DELHI
Contact: 9810214612
BANSAL GARMENTS
145, MAIN BAZAR, NARELA, DELHI
Contact: 9899984599
राजेश बंसल
पियूष बंसल
राकेश बंसल
विशव बंसल
BANSAL KITCHEN CARE
3E, ALIPUR ROAD, NEAR BTW,
Contact: 9811311355
BANSAL TEXTILES
166/1, MAIN, NEAR DELHI
Contact: 9958673226, 9971652242


AAP
AAM AADMI PARTY
सभी देशवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
श्वेता खत्री
निगम पार्षद वार्ड-1 नरेला
कमल खत्री


सभी देशवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
Notan Dass Arora
(M): 9868365678 9540949722
President: Nav Chetna Sanghthan (Regd.)
VBDD Charitable Trust (Regd.)
National Vice President: Akhil Bhartiya
Bahawalpur Mahasangh
Chief Secretary: Sri Bahawalpur Panchyat (Regd.)
Org. Secretary: Bahawalpur Samaj Delhi (Regd.)
Gen. Secretary : Narela Vikas Sanghthan (Regd.)
Punjabi Sabhyachar Ekta Manch (Regd.)
Secretary : Bahawalpur Ganesh Dharamshala, Hardiwar
Trustee : Sri Guru Nanak Dev Sanjhi Virasat
Charitable Trust (Regd.)


सभी देशवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
AAP
AAM AADMI PARTY
सविता नरेश खत्री
नरेला विधानसभा


सभी देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
www.capitalbasmatirice.com
The Capital Rice
Naturally Aromatic
« CLASSIC BASMATI RICE « SILVER BASMATI RICE
« XXXL BASMATI RICE « GOLDEN BASMATI RICE
Krishan Kumar Bansal
+91 9212235797
• President - Rice Council, Chamber of Trade & Industry, Delhi
• President - Vyapar Mandal - Anaj Mandi,Narela, Delhi
Capital Classic
Aged 1121 Basmati Rice
A L OVERSEAS PVT LTD
PLANT : BASTARA POWER HOUSE, KUTAIL ROAD,
VILL-KUTAIL, DISTT. KARNAL-132037 (HARYANA) INDIA
Mobile : +91-8882433174 • E-mail : info@aloverseas.com
OFFICE : 2063, Narela Mandi, NARELA, DELHI-110040

# आप का प्रयास संस्था द्वारा धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** के त्रिनगर स्थित वर्धमान वाटिका में गैर लाभकारी संस्था आप का प्रयास ने पार्क मित्र मंडल त्रिनगर के सहयोग से दिव्यांग बच्चों के साथ धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल को आजादी के अमृत महोत्सव के रुप में सजाया हुआ था। कार्यक्रम की शुरूआत दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम से हुई। मुख्य अतिथि रुप में निगम पार्षद मीनू गोयल, संस्था के सदस्य कमल किशोर गोयल, मुकेश शर्मा, राजकुमार गुप्ता, राकेश शर्मा, जितेन्द्र कुमार शर्मा, राकेश त्यागी, सुभाष शर्मा, रजनीश गुप्ता, नरेन्द्र जैन पार्क मित्र मंडल सहित कई गणमान्य लोगों व महिलाएं उपस्थित थी। इस दौरान जमकर रंग गुलाल उड़े। इसमें शामिल लोगों ने एक दूसरे को तिलक लगाकर होली की बधाई दी। कमल किशोर गोयल ने कहा कि होली पर्व भाईचारे और प्रेम भाव का त्यौहार है। उन्होंने बताया कि होली के इस शुभ अवसर पर नेत्रहीन, शारीरिक व मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों उपयोग में आने वाली वस्तुएं भी दी गई, जिसमें स्वेटर, कंबल, दाल-चावल-मसाले, कॉपियां, गुजिया आदि सामग्री दी। मुकेश शर्मा ने बताया कि संस्था का उद्देश्य एक बेहतर और सर्व समावेशी समाज का निर्माण करना है, जिसमें सभी लोगों को समान अवसर हासिल हो सके। सक्षम सहयोग व नेक इरादे से संचालित पहल का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने बताया कि मैं सभी का आभारी हूं, जिसने इसे संभव बनाया। अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करेंगे।

## त्योहारी सीजन में रेलवे चला रहा है 196 होली स्पेशल ट्रेन



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**त्योहारी** सीजन में रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को क्लियर करने के लिए भारतीय रेलवे 196 विशेष ट्रेनों के 491 फेरे चला रहा है। रेल मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा, गोरखपुर-मुंबई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची, नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, जयपुर- बांद्रा टर्मिनस, पुणे- दानापुर आदि जैसे रेल मार्गों पर देश भर के प्रमुख स्थलों को जोड़ने के लिए विशेष ट्रेनों की योजना बनाई गई है। अनारक्षित डिब्बों में यात्रियों के व्यवस्थित प्रवेश के लिए आरपीएफ कर्मचारियों की देखरेख में टर्मिनस स्टेशनों पर कतार लगाकर भीड़ नियंत्रण के उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर आरपीएफ के अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है।


रेलवेज़ कृपया ध्यान दें।

## महत्वपूर्ण सूचना

दिनांक 08.03.2023 (बुधवार) होली के उपलक्ष्य में दिल्ली क्षेत्र के आरक्षण कार्यालय जोकि मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक/यात्री विपणन के अधीन कार्यरत है, उनके कार्य करने हेतु निम्नलिखित प्रबन्ध किये गये हैं।

आंशिक सेवा:- (1) आई0आर0सी0ए0 भवन (2) दिल्ली जंक्शन व (3) हजरत निज़ामुद्दीन आरक्षण कार्यालयों में प्रातःकालीन पारी प्रातः 08:00 बजे से 14:00 बजे तक आंशिक सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, व सायंकालीन पारी (14:00 से 20:00) बजे तक कार्यालय यथावत कार्यरत रहेंगे।

प्रातःकालीन पारी में निम्न आरक्षण केन्द्र बन्द रहेंगे (8:00 बजे से 14:00 बजे):- (1) सरोजनी नगर (2) लाजपत नगर (3) ओखला (4) कड़कड़डूमा (5) दिल्ली शाहदरा (6) आदर्श नगर (7) सब्जी मण्डी (8) कीर्ति नगर (9) तुगलकाबाद (10) शकूरबस्ती (11) रोहिणी (12) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (13) गाजियाबाद (14) नोएडा। उपरोक्त सभी कार्यालय सायंकालीन पारी (14:00 से 20:00) बजे तक यथावत कार्यरत रहेंगे।

निम्नलिखित आरक्षण केन्द्र पूरे दिन बन्द रहेंगे:- (1) संसद भवन (2) प्रेस क्लब आफ इण्डिया (3) रेलवे बोर्ड (4) सुप्रीम कोर्ट (5) अन्तर्राष्ट्रीय टूरिस्ट ब्यूरो (आई0आर0सी0ए0 भवन)।

निम्नलिखित आरक्षण कार्यालय दिनांक 08.03.2023 को प्रातःकालीन पारी में बन्द रहेंगे: आनंद विहार टर्मिनल (पीआरएस), साहिबाबाद, नया गाजियाबाद, गुड़गांव, पालम, दिल्ली कैंट, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, पलवल, नरेला, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र, कैथल, जींद, मानसा, रोहतक, बहादुरगढ़, नांगलोई, शामली, मुरादनगर, मोदीनगर, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी, मुज़फ्फरनगर, खतौली, देवबन्द, बड़ौत, गोहाना, पटौदी रोड, झज्जर, ग्रेटर नोएडा, नोली, साकेत कोर्ट, द्वारका कोर्ट, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सीएटी), शकूर बस्ती, समालखा, गन्नौर, शाहाबाद मारकंडा, जाखल, टोहाना, जुलाना, नरवाना, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (एमटीसी) एवं रोहिणी कोर्ट।

नई दिल्ली (पहाड़ गंज और अजमेरी गेट की तरफ) दिल्ली जं. हज़रत निज़ामुद्दीन, आनंद विहार एवं दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशनों पर **वर्तमान आरक्षण कार्यालय** हर रोज की तरह सामान्य समयानुसार कार्य करेंगे।

उत्तर रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## कांग्रेस कार्यालय पर होली मिलन समारोह आयोजित





**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**कांग्रेस** नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिंदल के रामगढ़ गांव स्थित आफिस में होली मंगलमय मिलन कार्यक्रम का आयोजन सराय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया। श्री जिन्दल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी साथियों को होली के पावन त्यौहार की मुबारकबाद और शुभकामनाएं दी। श्री जिन्दल ने कहा कि होली रंगों का तथा हँसी-खुशी का त्योहार है, वसंत की ऋतु में हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के कारण इसे वसंतोत्सव भी कहते है। यह पावन त्यौहार सभी को आपसी भेदभाव मिटाकर व मनमुटाव दूर कर रंग और गुलाल लगाकर उल्लास के साथ मनाना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने की। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिंदल, चंद्रभान जैन, प्रदीप शौकीन, प्रेमचंद नन्हे, इंद्रपाल, सुरेंद्र सैनी, पवन अरोड़ा, विजेंद्र राणा, विनोद लांबा मौजूद रहे।

## एसजीबी की चौथी सीरीज जारी, 10 मार्च तक किया जा सकेगा निवेश

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आज से सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) स्कीम 2022-23 की चौथी सीरीज को सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन कर दिया है। निवेशक इस स्कीम में अगले शुक्रवार यानी 10 मार्च तक निवेश कर सकेंगे। इस किश्त के लिए इश्यू प्राइस 5611 रुपये प्रति ग्राम तय की गई है। बता दें कि भारत सरकार की ओर से भारतीय रिजर्व बैंक सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जारी करता है। फिजिकल गोल्ड की मांग को कम करने और निवेशकों की घरेलू बचत में सोने के निवेश की हिस्सेदारी बढ़ाने के इरादे से नवंबर 2015 में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम की शुरुआत की गई थी। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक सरकार ने पहले की तरह ही इस बार भी स्कीम के लिए डिजिटल पेमेंट करने वाले निवेशकों को डिस्काउंट देने का फैसला किया है।

## 'दिल्ली सरकार दिव्यांगों की सीटें भरने के लिए अभियान चलाए'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है कि वो विभिन्न सरकारी विभागों में दिव्यांगों के लिए आरक्षित खाली सीटों को भरने का विशेष अभियान चलाए। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश जारी किया। कोर्ट ने नोट किया कि विभिन्न सरकारी विभागों में दिव्यांगों के लिए 1351 सीटें खाली हैं। इनमें दृष्टिबाधित दिव्यांगों के लिए 356 सीटें खाली हैं। हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार के संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे एक महीने के अंदर दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए आग्रह पत्र भेजें। कोर्ट ने डीएसएसएसबी और यूपीएससी को निर्देश दिया कि वे दिल्ली सरकार के संबंधित विभागों से भर्तियों के लिए प्रक्रिया शुरू करने के आग्रह मिलने के एक महीने के अंदर विज्ञापन का नोटिफिकेशन जारी कर दें। याचिका नेशनल फेडरेशन ऑफ द ब्लाइंड ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि सरकारी विभागों की ओर से दृष्टिबाधित दिव्यांगों के खाली पड़े पदों पर नियुक्तियों के लिए हीलाहवाली बरती जा रही है। याचिका में कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए खाली पड़े पदों को नहीं भरा जा रहा है। सुनवाई के दौरान स्टेट कमिश्नर फॉर पर्संस विद डिसेबिलिटीज ने कहा था कि दिव्यांगों के लिए सीधी भर्ती कोटे के तहत 1351 सीटें खाली हैं।

## कैट ने नेशनल ट्रेड पॉलिसी लाने की पहल का किया स्वागत

नई दिल्ली। औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की ओर से नेशनल ट्रेड पालिसी लाए जाने का कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने स्वागत किया है।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा संख्या | 6-SEFile-167799-Tender |
| 2. | कार्य का नाम और कार्य स्थान | 10 राजधानी (8 LWACCN, 01 LWACCW और 01 LWFAC) LHB कोचों के RCNK/SNP में कार्य के दायरे के अनुसार नवीनीकरण/MLR अनुसूची के प्रावधान के लिए कार्य अनुबंध। |
| 3. | अनुमानित लागत | रुपये 4,43,39,364.52 जीएसटी @ 18% सहित |
| 4. | बयाना राशि | रुपये 3,71,700.00/- |
| 5. | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6. | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरम्भ होने से 06 महीने |
| 7. | निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 04.04.2023 खुलने का समय 11:00 बजे। |
| 8. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9. | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

सं. 6-SEFile-167799-Tender दिनांक: 04.03.2023 702/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

ई-निविदा सूचना सं.:- इलेक्ट-पीएस-20660 ई-निविदा सूचना दिनांक: 03.03.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु वांछित प्रोफार्म पर योग्य निविदाकारों से दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के विभिन्न स्थानों में स्थापित वीआरवी/वीआरएफ (वेरिएबल रेफ्रिजरेंट वाल्यूम/वेरिएबल रेफ्रिजरेंट फ्लो) प्रकार के एचवीएसी (हीटिंग वेन्टिलेशन एण्ड एयर कंडीशनिंग) एवं डक्ट टाइप एयर कंडीशनिंग संयंत्रों का व्यापक मेंटेनेंस का कार्य, **कार्य स्थल:** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, जिला-रायबरेली, **अनुमानित लागत:** ₹ 1,49,39,327.00 (₹ एक करोड़ उन्चास लाख उन्तालिस हजार तीन सौ सत्ताईस मात्र।), **अमानत राशि:** ₹ 2,24,700.00 (₹ दो लाख चौबीस हजार सात सौ मात्र।), **कार्य समाप्ति की अवधि:** 24 चौबीस माह।, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 31.03.2023, 11:30 बजे।, **निविदा की वैधता:** निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन तक।, **अन्य शर्तें:** अन्य विवरण एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस

ई-वर्गीकृत टेंडर नोटिस सं. 11/ईटी/2023 दिनांक: 01.03.2023

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07231105 | आर्गन गैस लिक्विड ग्रेड-1 (टू बी फिलिंग इन टैंक ऑफ 13 टी)। | 601099.668 लीटर | 05.04.2023 |
| 02 | 05231006 | केबल जैकेट सिस्टम | 149125 मीटर | 24.03.2023 |
| | | केबल जैकेट सिस्टम | 19022 मीटर | |
| | | केबल जैकेट सिस्टम | 155360 मीटर | |

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/पीस

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | शुद्धि पत्र सं. 03/2023 दिनांक: 16.02.2023 | टेंडर नं. 04221249 | निविदा खुलने की तिथि- 02.03.2023 के स्थान पर तिथि 16.03.2023 पढ़ें। |

शुद्धि पत्र सं. 04/2023 दिनांक: 02.03.2023

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 09/ईटी/2023 दिनांक 15.02.2023 | टेंडर नं. 03221571बी | निविदा खुलने की तिथि- 03.03.2023 के स्थान पर तिथि 17.03.2023 पढ़ें। |
| 02 | 10/ईटी/2023 दिनांक: 21.02.2023 | टेंडर नं. 03231005 | निविदा खुलने की तिथि- 03.03.2023 के स्थान पर तिथि 10.03.2023 पढ़ें। |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/पीस

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

ई-नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) स्थान को 02 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एसेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1 | 09.03.2023 को 11:30 बजे | 12191 (F1 & F2), 12916 (F1), 14208 (F1), 14316 (F1), 15035 (F1, F2 & R1), 22463 (F1), 22485 (F1) |
| 2 | 10.03.2023 को 10:30 बजे | 12457 (F1, F2 & R1), 12846 (R1), 14507 (F1, F2 & R1), 19338 (F1), 20914 (F1, F2 & R1), 20946 (F1), 22429 (F1), 22479 (F1), 22854 (F1) |
| 3 | 13.03.2023 को 10:30 बजे | 12036 (F1), 12066 (F1), 14011 (F1 & R1), 14731 (F1 & R1), 15060 (F1 & R1), 20409 (F1), 20473 (F1 & R1), 22165 (F1, F2 & R1), 22450 (F1), 22950 (F1), 22986 (F1) |
| 4 | 14.03.2023 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12148 (R1), 12274 (F1), 12481 (F1, F2 & R1), 12646 (F1 & F2), 14812 (F1), 22421 (F1, F2 & R1), 22482 (F1, F2 & R1) |
| 5 | 15.03.2023 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाड़ी में - 12226/12225, 12236/12235, 12264/12263, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12438/12437, 12442/12441, 12445/12446, 12454/12453, 12488/12487, 14033/14034, 20408/20407, 22412/22411, 22414/22413, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 तथा 01 VP (23 टन) - राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाड़ी संख्या: 22418/22417 |
| 6 | 16.03.2023 को 10:30 बजे | 12314 (F1), 12506 (F1), 14303 (F1 & R1), 14305 (F1 & R1), 14331 (F1, F2 & R1), 14545 (F1, F2 & R1), 15484 (F1), 20488 (F1, F2 & R1), 15058 (F1), 12034 (F1), 14038 (F1) |
| 7 | 17.03.2023 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12017 (F1), 12148 (F1 & F2), 12432 (F1), 12644 (F1, F2 & R1), 22418 (F2), 14553 (F2) |
| 8 | 21.03.2023 को 10:30 बजे | 12029 (F1), 12040 (F1), 12455 (F1), 14041 (F1), 14521 (F1, F2 & R1), 22404 (F1), 22454 (F1, F2, & R1) |
| 9 | 22.03.2023 को 10:30 बजे | 12013 (F1), 12015 (F1), 12031 (F1), 12448 (F1), 12459 (F1), 12463 (F1), 12956 (F1), 15280 (F1), 22210 (F1), 22414 (F1), 22472 (F1, F2 & R1) |
| 10 | 23.03.2023 को 10:30 बजे | 12045 (F1), 12063 (F1), 14152 (F1), 14164 (F1, F2 & R1), 14681 (F1), 20938 (F1 & R1), 22401 (F1) |

जॉइंट पार्सल प्रोडक्ट (जे पी पी) गाड़ियां

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एसेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 11 | 20.03.2023 को 10:30 बजे | 5 VPs (23 टन) राउंड ट्रिप पर जे पी पी गाड़ी संख्या - 00444/00443<br>5 VPs (23 टन) राउंड ट्रिप पर जे पी पी गाड़ी संख्या - 00442/00441 |

महत्वपूर्ण सूचना:
1. ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning centre.html. (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।
2. बयाना राशि जमा (ईएमडी): नीलामी के दौरान कुल [illegible] बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।
3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो भी इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है।

708/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हैल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रुद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयाशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक, नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति के हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने अपने कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

## दो कर्मचारी सीट से मिले नदारद, चेतावनी देकर छोड़ा, भविष्य में न हो लापरवाही

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा ने सोमवार को अपने कार्यालय का औचक निरीक्षण कर सभी शाखाओं का राउण्ड लिया। दो कर्मचारी सीट से नदारद मिले, चेतावनी देकर छोड़ दिया, लेकिन कहा कि अगली बार जो भी जानबूझकर या लापरवाही से अनुपस्थित मिला, उसके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यालय समय प्रातः 9 बजे सभी अपनी सीटों पर बैठ जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों को नसीहत देते कहा कि छुट्टी पर जाएं, तो पहले आवेदन को स्वीकृत करवा लें। फील्ड में जाने वाले अधिकारी या कर्मचारी मूवमेंट रजिस्टर में स्थान, समय और यात्रा का मकसद भरकर जाएं, उनके रजिस्टर की भी जांच होगी। निगम आयुक्त सबसे पहले नागरिक सुविधा केन्द्र में गए और वहां की कारगुजारी देखी। उन्होंने खिड़कियों में बैठे कर्मचारियों से कहा कि जो लोग काम करवाने आते हैं, उनमें बुजुर्ग भी होते हैं, उन्हें बैठने के लिए कहें, ताकि वह खिडकी पर ज्यादा देर तक खड़े न रहें, बताएं कि नम्बर आने पर उनका काम हो जाएगा। इसके बाद जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र, कर शाखा, डीटीपी, लैंड ब्रांच, हैल्प डैस्क, सैनीटेशन शाखा और इंजीनियरिंग विंग का निरीक्षण किया। उन्होंने डीटीपी व कर




शाखा के अधिकारियों से कहा कि ऑब्जैक्शन का समय पर निस्तारण करें। साथ-साथ समाधान हो, विलंब कर देने की आदत छोड़ें और सख्त लहजे में कहा कि इससे नगर निगम की छवि खराब होती है। सीएसआई को निर्देश दिए कि फूसगढ़ स्थित गौशाला में सफाई और दूसरी चीजों की अच्छे से चैकिंग करते रहें, सुपरविजन में कोई कमी न रहे। किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा के उप रजिस्ट्रार को निर्देश दिए कि राईट टू सर्विस एक्ट के दायरे में रहकर काम करें। रिकॉर्ड को स्कैन करवाते रहें। हैल्प डैस्क पर बैठे कर्मचारियों से कहा कि सभी आवेदन एवं शिकायतों को डायरी कर उसे तुरंत सम्बंधित शाखा में पहुंचाना सुनिश्चित करें। कम्प्लेंट रजिस्टर को भी मेन्टेन रखें। इसके पश्चात निगमायुक्त ने नगर निगम भवन के दूसरे तल पर स्थित एकीकृत कमांड एंड नियंत्रण केन्द्र का भी भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शहर में लगाए गए चौक-चौराहों और उन पर मौजूद कैमरों की जानकारी ली। आईसीसीसी में कौन-कौन सी सेवाएं एकीकृत की गई हैं, उनकी भी जानकारी ली।

**नगर निगम भवन की ऊपरी छत का किया भ्रमण**

औचक निरीक्षण में नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा, कार्यालय की छत पर गए। कैंटीन देखी। दूसरी ओर छत पर रखे गमलो में रखे सूखे पौधे और स्मार्ट सिटी की ओर से लाखों रुपए खर्च करके की गई वर्टिकल गार्डनिंग को देखकर क्रुद्ध हुए। मौजूद अधिकारियों से इसका जवाब मांगा, जो अपनी कमी छुपाते रहे। इस पर निगमायुक्त ने एक्सईएन सतीश शर्मा और पौधों की देखरेख करने वाले एक्सईएन नरेश त्यागी को खरी-खोटी सुनाई और कहा कि स्मार्ट सिटी ने अच्छा काम किया, लेकिन उसकी देखभाल करना आपका काम है।

# नेशनल हाईवे पर पेड़ से लटका मिला व्यक्ति की शव



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। नेशनल हाई**वे पर कंबोपुरा के पास एक व्यक्ति ने पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना की सूचना के बाद मधुबन पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को फंदे से उतारा। अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। सोमवार दोपहर को कंबोपुरा के पास एक व्यक्ति पेड़ से लटका हुआ मिला। लोगों ने डायल-112 को जानकारी दी। सूचना पाकर मधुबन पुलिस भी मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी तरसेम चंद ने पुलिस कर्मियों के सहयोग से मृतक को फंदे से उतरवाया। पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाशी ली, लेकिन कोई भी ऐसा कागजात नहीं मिल पाया जिससे उसकी पहचान हो सके। आसपास के लोगों से भी मृतक की शिनाख्त करवाई, लेकिन कुछ भी नहीं पता चल पाया। बाद में पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज स्थित मोर्चरी हाउस में भिजवा दिया। पुलिस का कहना है कि मृतक नेपाली मूल का लग रहा है। मृतक ने काले रंग की पेंट पहनी हुई है और मटमैली धारीदार कमीज डाली हुई है। मृतक ने अपनी पेंट को बेल्ट के बजाय रस्सी से बांधा हुआ था।

## न्यूज फ्लैश

### अनामिका के यूपी के बाबा ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** अग्रवाल सभा सेक्टर सात द्वारा कर्णेश्वर महादेव मंदिर सामाजिक मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन हुआ। इस अवसर पर कवि सौरभ जैन, अनामिका अंबर, सत्यपाल सत्यम प्रियाशु तिवारी ने काव्यपाठ किया। मुख्य अतिथि राम अवतार गर्ग थे। इस अवसर पर मेयर रेणु बाला गुप्ता, समाजसेवी शम्मी बंसल, प्रदीप कुमार जैन, डॉ अनूप जैन, अजय जैन, पंकज गोयल, अमित गुप्ता विशेष अतिथि थे। इस अवसर पर हरीश अग्रवाल, अमित गर्ग, सतबीर मित्तल, योगेश गोयल, मुकेश अग्रवाल, अमित बंसल व संजीव गुप्ता ने स्वागत किया। कवि सम्मेलन मे अपने चिरपरिचित अंदाज मे देश की जानी मानी कवियत्री अनामिका अंबर ने कविताएँ पढीं। उन्होंने अपनी चिर परिचित कविता शहीद की होली को प्रस्तुत किया। उन्होंने श्रोताओं की वाह वाही लूटी। उन्होंने का बा यूपी में बाबा अपने अंदाज में प्रस्तुत की। उन्होंने अपनी कविता मे उत्तर प्रदेश में हुए प्रगति शील परिवर्तन की झांकी प्रस्तुत की। उन्होंने अपनी लोकप्रिय कविता सनम तेरे नाम का लोगों की वाह वाही के बीच प्रस्तुत किया। सौरभ सुमन ने अपनी कविता प्रस्तुत की। वीर रस के कवि सौरभ जैन ने ओज को भरने वाली कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर सत्यपाल सत्यम ने अपनी कविता के माध्यम से महाराजा अग्रसेन जी के समाजवाद का उल्लेख किया। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### 5500 चयनित पुरुष सिपाहियों की ज्वाइन प्रकिया शुरू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** रविवार रात से मधुबन पुलिस अकादमी का नजारा बदला बदला नजर आ रहा है। दरअसल 5500 पुलिस सिपाही भर्ती में चयनित युवाओं का जॉइनिंग के लिए तांता लगा हुआ है। यह युवा बिना पर्ची और बिना खर्ची के मिली सरकारी नौकरी पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का आभार जता रहे हैं। होली के शुभ अवसर पर युवाओं को सिपाही के पद पर जॉइनिंग का सुनहरा तोहफा मिला है। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ी संख्या में युवा जॉइनिंग के लिए मधुबन पुलिस अकादमी पहुंच रहे हैं। यहां आ रहे युवाओं का सबसे पहले मेडिकल करवाया जा रहा है, इसके बाद उनकी पुलिस वैरिफिकेशन के बाद जॉइनिंग करवाई जा रही है। डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन का कार्य इसके बाद किया जाएगा। युवाओं को किसी तरह की कोई परेशानी ना आए इसके लिए करीब 150 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर लगाए गए हैं जो जॉइनिंग प्रक्रिया को पूरा करने में लगे हुए हैं। जॉइनिंग करने आए युवाओं ने बातचीत करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि होली के त्यौहार पर मुख्यमंत्री ने उन्हें तोहफा दिया है। एक युवा ने बातचीत करते हुए कहा कि बिना पर्ची और बिना खर्ची के उन्हें नौकरी मिली है। सरकार ने उन्हें ज्वाइन करवाकर अपना वायदा पूरा किया है। सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि जॉइनिंग करने आ रहे युवाओं के खाने की व्यवस्था की जा रही है। जिस बटालियन में उन्हें भेजा जा रहा है, उस बटालियन को उनके खाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। हरियाणा पुलिस के कर्मचारी पूरी
तत्परता के साथ युवाओं की जॉइनिंग करवाने के कार्य में लगे हुए हैं।
बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है होली पर्वरू डीसी

### उपायुक्त ने मीडिया सेंटर में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में मनाई फूलों की होली

**पानीपत:** जी.टी.रोड स्थित मीडिया सेंटर में मीडिया सेंटर संचालन समिति की ओर से होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त सुशील सारवान ने मीडिया कर्मियों के साथ फूलों की होली खेल मीडिया कर्मियों को होली की शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी। उपायुक्त ने होली के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। हमें इस पर्व पर अपने मन मुटाव को दूर कर इसे सभ्य तरीके से मनाना चाहिये। यह पावन पर्व यही संदेश देता है। समिति द्वारा उपायुक्त सुशील सारवान व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन और एएसपी मंयक मिश्रा को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। जबकि अध्यक्षता हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल ने की। वहीं विशिष्ठ अतिथि साहिल इंटरनेशनल के संचालक विनोद धमीजा व श्री गौशाला सोसायटी के सचिव सतीश गोयल रहे। मंच संचालन मीडिया सेंटर संचालन समिति के प्रधान राकेश भ्याणा ने किया। उपायुक्त ने कहा कि मीडिया कर्मी सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाने का बड़ा माध्यम है। आज यह माध्यम बड़ी मजबूती के साथ उभर रहा है। मीडिया कर्मियों को हमेशा समाचार की तह तक जाकर इसे जनता के सामने लाना का प्रयास करना चाहिये। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने सभी मीडिया कर्मियों को होली मिलन की बधाईयां देते हुए कहा कि यह पर्व भाईचारे का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि मीडिया कमर्री जौखिम उठाकर कार्य करते हैं। उनकी बदौलत हमें नई-नई जानकारियां मिलती है। उन्होंने इस कार्य में हमेशा उनका सहयोग प्रदान करने की बात कही। खेलों में बेहतरीन उपलब्धी हासिल करने वाले एथलीट विजय गाहल्याण को उपायुक्त और मीडिया सेंटर संचालन समिति ने सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**मो. नं.: 9991270143**

# सड़क दुर्घटना में हुई युवक की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** गांव बाल पबाना के पास कार की टक्कर लगने से एक स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। युवक स्कूटी पर सवार होकर किसी से पैसे लेने के लिए गया था। रास्ते में एक गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घरौंडा स्थित अग्रसेन कॉलोनी निवासी विशाल गर्ग किसी से पैसे लेने के लिए स्कूटी पर सवार होकर निकला था। इस दौरान जैसे ही वह बाल-



पबाना के पास पहुंचा तो एक गाड़ी ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विशाल की मौत हो गई। विशाल एक बिजनेसमैन के रूप में काम करता था। उसके दो भाई बहन हैं] जो अभी छोटे हैं। विशाल की 7 महीने पहले ही शादी हुई थी। इस घटना से परिवार में मातम पसर गया है। मृतक विशाल की पत्नी व परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# खेल के माध्यम से युवा अपना बेहतर बना सकते है भविष्य: देवेंद्र कादियान

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
रामनगर स्पोर्ट्स क्लब की ओर से इंटर विलेज क्रिकेट का आयोजन रामनगर में किया गया। प्रतियोगिता में रामनगर, घसौली, खेड़ी, सनपेड़ा, मलिकपुर, बेगा, हसनपुर समेत अन्य गांवों से 20 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गन्नौर व रामनगर गांव की टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर गन्नौर ने पहले बल्लेबाजी कर 10 ओवर में 101 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामनगर की टीम ने मात्र 2 विकेट खोकर 7.3



ओवर में 102 रन बनाकर जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता में मैन आफ द मैच सचिन उर्फ चीमा व मैन आफ द सीरिज का खिताब वीरू को मिला। इससे पहले मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया और टूनामेंट में विजेता टीम को पुरस्कृत किया और कहा कि खेल के मैदान में हर खिलाड़ी के अंदर सिर्फ और सिर्फ खेल की भावना होनी चाहिए क्योंकि हार और जीत तो एक ही सिक्के के दो पहलू है। आज खेल से ही मनुष्य के शारीरिक , मानसिक विकास का होना संभव है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से भी युवा अपना भविष्य बेहतर कर सकते है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में उभरते खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया

# योग का उद्देश्य मन को आत्मा से जोड़ा: दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** ग्रीन बेल्ट सेक्टर 13 में लगाए जा रहे दो दिवसीय शिविर के पहले दिन मेरा मिशन स्वस्थ भारत भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने विशेष योग सत्र लिया। दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में मिशन की महिला प्रमुख नीलम बटला, सह प्रमुख निधि गुप्ता और योग शिक्षिका वीना धीर ने संगीता शर्मा को मिशन का दुपट्टा उड़ाकर मिशन की सहयोग शिक्षिका की जिम्मेवारी सौंपी। दिनेश गुलाटी ने साधकों को योग



की उपयोगिता के विषय में समझाया। योग मन को आत्मा से जोड़ता है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखना है, बल्कि योग का उद्देश्य मन को आत्मा से जोडा है और आत्मा की यात्रा परमात्मा तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि योग एक संकल्प के साथ करना चाहिए और यदि हम एक संकल्प के साथ योग करेंगे तो निश्चित ही उसके लाभ भी अधिक होंगे।

### तीन दिवसीय मनोहारी होली महोत्सव-2023 का कालीदास रंगशाला में हुआ समापन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हरियाणा कला परिषद द्वारा आयोजित 4 से 6 मार्च तक तीन दिवसीय मनोहारी होली महोत्सव 2023 का स्थानीय कालीदास रंगशाला में सोमवार को समापन हुआ। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित कवियों रेवाड़ी से आए अलोक भाण्डोरिया, झज्जर से मास्टर महेन्द्र, दिल्ली से दीपक सैनी, सतीश अग्रवाल व महेन्द्र अजनबी, रामेश्वर दास तथा कवित्री डा. वनीता चोपड़ा ने हास्य रस से भरपूर कविताओं से दर्शकों का मनोरंजन किया।

# आज के युग में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से पीछे नहीं: संजय बठला



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** लेडीज इंडस्ट्रियल होम, सेवा समिति, कुंजपुरा रोड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। संजय बठला ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन महिलाओं के प्रति आदर व सम्मान प्रकट करने के लिए मनाया जाता है, लेकिन समाज के प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह महिलाओं को सम्मान दें तथा उनके लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। महिलाओं को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसके लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के युग में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से पीछे नहीं है। यदि उनको उचित अवसर मिले तो वे हर कार्य को पूरी निपुणता से पूरा करने में सक्षम हैं। इस मौके पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा बहुत ही सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम में तिलक खुराना, राजेन्द्र मदान, सुरेंदर गाबा, प्रवेश गाबा, आहूजा पुजारी, राहुल चानना और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पुरुष प्रधानता विचार को छोड़कर नारी के प्रति समानता की भावना को दें बढ़ावा जसबीर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव जसबीर की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सोमवा को एडीआर सेंटर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में करनाल बार एसोसिएशन की महिला अधिवक्ताओं ने पार्टिसिपेट किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीजेएम ने बताया कि



महिला दिवस की शुरूआत सन 1960 में न्यूयार्क से हुई थी। महिला दिवस मनाने का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य महिला और पुरुषों में समानता बनाए रखना है। आज भी दुनिया में महिलाओं को समानता का अधिकार उपलब्ध नहीं है। कई देशों में अब भी महिलाएं शिक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से पिछड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि हर साल 8 मार्च का दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन खास तौर पर महिलाओं और उनसे जुड़े मुद्दों को समर्पित है। हर साल इस खास दिन को एक थीम के साथ सेलिब्रेट किया जाता है।

### कुष्ठ प्रभावित 54 रोगियों को वितरित किया गया नारियल तेल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला कुष्ठ रोग विभाग की ओर से इन्दिरा चक्रवर्ती ग्राम में कुष्ठ प्रभावित 54 रोगियों को विकलांगता से बचाव के लिए उप सिविल सर्जन डॉ. सिम्मी कपूर के तत्वाधान में पैरा मेडिकल वर्कर वन्दना आर्य द्वारा नारियल तेल, जुराबें, बिटाडिन लोशन व मल्हम, पट्टियाँ, कॉटन आदि सामान वितरित किये गये। वर्तमान में इन्दिरा चक्रवर्ती कुष्ठ आश्रम में 54 ऐसे कुष्ठ रोगी निवास करते हैं, जो कुष्ठ रोग से मुक्त हो चुके हैं परन्तु अधिकांशतः उनमें विकलांग हैं और हाथ-पैर के सुन्न होने के कारण उनमें विकलांगता बढे का खतरा बना रहता है।

# फिल्म अभिनेता अरबाज खान ने शख्सियतों को दिए ग्लोबल स्टार अवार्डस

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का पांचवा स्थापना दिवस समारोह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के पांचवें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन रुतबा रिसोर्ट में आयोजित हुआ, जिसमें फिल्म अभिनेता अरबाज खान ने चीफ सेलिब्रिटी गेस्ट एवं उनके साथ अति विशिष्ट अतिथियों में पंजाबी गायक महताब विर्क, रणजोध सिंह, मुस्कान नारंग, धरुदिप ठक्कर, राकेश सचदेवा, राजेश सराफ, मनोज दीवान, डॉ बलबीर सिंह, डॉ. रीनू यादव, डॉ हरलीन कोर, पवन कुमार यादव, जसवीर सिंह शिंदा, इमरान हारून शेख व सुमित सिंगला ने शिरकत की। कार्यक्रम में ह्यूमन राइट्स



इंटरनेशनल फेडरेशन व ट्रैफिक रूल्स एंड रोड सेफ्टी फेडरेशन विशेष रूप से सहयोगी रहे। इस अवसर पर नेशनल प्रेजिडेंट नरेंद्र अरोड़ा ने अरबाज खान साहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन मोहमद इकबाल मंसूरी ने किया। अरबाज खान ने अपने उद्बोधन में कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता फैला रहा है। अरबाज खान ने गीत गाकर व अपनी फिल्मों के डायलॉग बोलकर सबको मंत्रमुग्ध किया। इस विशेष अवसर पर अभिनेता अरबाज द्वारा ग्लोबल स्टार अवार्ड से प्रवीन कुमार बंसल, विजय गुप्ता, विशाल काठ, गौरव गाबा, डॉ बरनाली शर्मा, गुरमीत सिंह, हसरत बरार, गुरदीप सिंह कंग, संजीव कुमार, प्रीती शर्मा, बलविंदर कौर, हीरा सिंह, चिंतन गोहेल, गुरमीत सिंह, दीपक शर्मा, रवि शर्मा, मनोज कुमार, सुमित पुजाना, मनमीत कौर, प्रवीण गर्ग, विक्रम हालदर, मोहम्मद इकबाल मंसूरी, बलविंदर सिंह, अभिषेक शर्मा, डॉ. आक्रमण सिंह, श्वेता गर्ग, पठान मोहम्मद आरिफ, नीलम ठाकुर, सरला ठाकुर, सुनील बब्बर, डॉ. के विजयरमन, मुकेश सेन, योगेश बंसल, डॉ. जास्मीन कौर, सिकंदर सिंह, गुंजन भटनागर, गौरव गर्ग, विवेक आहूजा, संजय मधुकर मोरे, तरनजीत सिंह, संजीव कुमार, तरुण बंसल, अक्षय डालमिया, शमशेर सिंह, हरविंदर सिंह, लवप्रीत सिंह, कर्ण सिंह लखेरा, बिक्रम चौधरी, जगविंदर कौर, शौकत अली, लालचंद कुशवाह, राकेश सोनी, अनमोल मल्होत्रा, अनुज सूरी, मोहम्मद तौफीक अहमद, तपन, राजेश शर्मा, माधवी कोलेकर, डॉ. रौशनी देवी आदि को सम्मानित किया।

## संपादकीय

# बुलंदी के प्रतिमान गढ़ रही है स्त्री

**आज आठ** मार्च है , मर्दों की के वर्चस्व वाली दुनिया में छुई मुई व कोमलांगी कहे जाने वाली स्त्री की ताकत को पहचानने और उसे सलाम करने का दिन है । प्राचीन भारत की विदुषी व सामर्थ्यवान नारी जब पर्दे में कैद हो गई , विवाह के कुचक्र से उसके लिए ज्ञान के दरवाजे बंद हो गए, उसने इसे अपनी नियति नियति मान लिया और मुगल काल तक आते - आते वह हरम की शोभा बन कर रह गई, पुरूष की कामुकता व कामवासना पूरी करने का साधन मात्र बन कर रह गई । ऐसे में समाज में उसकी महत्ता कम होनी ही थी सो हुई । वह एक दोयम दर्जे की नागरिक बन गई । उसके निर्णय भी पुरूष लेने लगा । उसके विवाह तक के बारे में उसकी मंशा जानने का भी हक छीन उसे बाल्यावस्था में ही विवाह बंधन में बांधा जाना लगा । भले ही उसे अर्धांगिनी कहा जाता हो पर हैसियत उसकी पैर की जूती की हो गई । राजनैतिक कारणों से होने वाले बहुविवाह अब पुरूष के लिए शौक व ताकत प्रदर्शन के सबब बन गए एक तरह से कहें तो स्त्री विमर्श के हिसाब से नारी के लिए यह एक घोर काला युग बन कर आया था पर अब वह कलुष युग बीत चुका है। परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है , पता नहीं पुरूष की अहंमनस्यकता , उसकी मुठमर्दी या उसकी जोर जबर्दस्ती , व प्रमाद ने यह किया या लगातार शोषण की चक्की में पिसने च अत्याचार सहने से उसका स्वाभिमान जागा अथवा उसके सामने खत्म हो जाने या फिर उठकर लड़ने व जागने के अलावा कोई चारा ही नहीं बचा और उसने दूसरा विकल्प चुना । इस दूसरे विकल्प पर चलना कोई सरल काम नहीं था क्योंकि छाती पर सवार समाज, प्रथाएं व पुरूष आसानी से उसे उबरने नहीं दे रहे थे । इस षड़यंत्र में नारी जगत का ही एक बड़ा हिस्सा भी डर , अज्ञान या जानबूझकर शामिल हुआ और एक लंबे कालखंड तक यह कुचक्र सफल होता रहा पर समय के साथ स्त्री इस जाल की काट भी सीख गई और आज वह सीना तान कर पुरूष के बराबर खड़ी नजर आ रही है। नारी चिंतकों के अनुसार स्त्री की उन्नति में सबसे बड़ी भूमिका उसकी शिक्षा व जीजिविषा ने निबाही है । उसके साथ ही तकनीकी ने भी एक बड़ी भूमिका निभाई है । अब चूंकि फिजिकल पावर या बाहुबल का जमाना नहीं रहा है बल्कि तकनीकी काबिलियत ही असली ताकत बनकर उभरी है तो मांसपेशीय बल पर इतराते पुरूष का वर्चस्व भी घटा है। आज तकनीकी का युग है और नारी के लिए यह बड़े काम का सिद्ध हुआ है। उसकी कोमल उंगलियां फरार्टे से कंप्यूटर पर जिस गति से चलती हैं उतनी गति व दक्षता से शायद मर्द की कठोर व लोचरहित उंगलियां नहीं चल पाती और कंप्यूटर के बढ़ते उपयोग व उसके दायरे में आते लगातार विस्तृत होते क्षेत्र ने नारी को नई ताकत व सामर्थ्य दी है । इसी तकनीकी ताकत के चलते आज की स्त्री ने हर क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज करवाने में कामयाबी पाई है । कभी अपनी शारीरिक संरचना के चलते साइकिल तक चलाने में घबराने वाली लड़कियां अब बाइक व स्कूटी ही नहीं दौड़ा रहीं हैं बल्कि कार और विमान से होती हुई लड़ाकू जैट तक जा पंहुची हैं तो यह उनके लड़ाका होने का सबूत भी है । खेलों में अब वह केवल हल्के फुल्के गेम नहीं खेलती अपितु मुक्केबाजी व कुश्ती से होती हुई सूमो व डब्ल्यू डब्ल्यू ई तथा ग्रीको रोमन कुश्ती, फ्रीस्टाइल कुश्ती,पर्वतारोहण, भारोत्तलन व एयरडाइविंग तक कर रही है ।

# महिलाओं के प्रति बदलना होगा नजरिया



रमेश सर्राफ धमोरा

> "अरविंद केजरीवाल और उनके साथी देश भर में घूम-घूमकर अपनी ईमानदारी और दिल्ली मॉडल का प्रचार करते रहे। केजरीवाल स्वयं को और अपने साथियों को 'कट्टर ईमानदारी' का प्रमाण पत्र बांटते रहे। देश के प्रधानमंत्री से लेकर अन्य राजनीतिक दलों और संस्थाओं पर वो दिनदहाड़े आरोप लगाते रहे। और प्राय: उनके अधिसंख्य आरोप निराधार और तथ्यहीन ही साबित हुए। कई मामलों में उन्होंने बिना शर्त के माफी भी मांगी। बावजूद इसके केजरीवाल और उनके साथी निर्लज्जता की चादर ओढ़कर अपने कुकृत्यों में संलग्न रहे। जिसके परिणाम अब सबके सामने हैं। वर्तमान में दिल्ली सरकार का एक मंत्री तिहाड़ में पिछले आठ-नौ महीनों से बंद है। तो वही दूसरा मंत्री तिहाड़ के दरवाजे पर खड़ा है"

**भारत** में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है। भारत वह देश है जहां महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम इक्कीसवीं सदी की बात करे तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है। हमारे देश में महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार है। महिलायें देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है तथा विकास में भी बराबर की भागीदार है। आज के युग में महिला पुरुषों के साथ ही नहीं बल्कि उनसे दो कदम आगे निकल चुकी है। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है।

देश में 2021 में 2020 के मुकाबले महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 15.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के 4,28,278 मामले दर्ज हुए हैं। जबकि 2020 में 3,71,503 मामले दर्ज हुए थे।

एनसीआरबी की रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि प्रति एक लाख की आबादी पर महिलाओं के खिलाफ अपराध 2020 में 56.5 फीसदी से बढ़कर 2021 में 64.5 फीसदी हो गए हैं। इनमें अधिकतर मामले 31.8 फीसदी पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के हैं। इसके बाद 20.8 फीसदी मामले महिलाओं की गरिमा को भंग करने इरादे से उनपर हमला करने के हैं। 17.6 फीसदी उनके अपहरण के और 7.4 फीसदी बलात्कार के हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के सबसे ज्यादा मामले असम में सामने आए है। यानी 168.3 फीसदी। जबकि बीते तीन साल में इसमें गिरावट दिखी है। राज्य में बीते साल इस तरह के 29,000 मामले दर्ज हुए हैं। इसके अलावा टॉप पर रहने वाले राज्यों में ओडिशा, हरियाणा, तेलंगाना और राजस्थान शामिल हैं।



राजस्थान में भी असम की ही तरह मामलों में मामूली कमी देखी गई है। जबकि बाकी के तीन राज्यों ओडिशा, हरियाणा और तेलंगाना में मामले बढ़े हैं। रिपोर्ट में वास्तविक दर्ज मामलों में उत्तर प्रदेश 56,083 पहले स्थान पर है। हालांकि उसकी दर 50.5 फीसदी से कम है। राजस्थान 2021 में बलात्कार की उच्चतम दर 16.4 फीसदी रही है और यह वास्तविक दर्ज 6,337 मामलों के साथ लिस्ट में टॉप पर है। हालांकि नागालैंड बीते तीन साल से महिलाओं के खिलाफ सबसे कम अपराध वाले राज्यों में बना हुआ है।

यहां 2019 में 43, 2020 में 39 और 2021 में 54 मामले दर्ज हुए हैं। यहां 2021 में भी महिलाओं के खिलाफ सबसे कम अपराध दर 5.5 फीसदी दर्ज की गई है। एनसीआरबी की नई रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले साल हर दिन दो नाबालिग लड़कियों से बलात्कार हुआ है। आंकड़ों से पता चलता है कि दिल्ली में 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 13,892 मामले दर्ज किए गए। जिसमें 2020 की तुलना में 40 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है। साल 2020 में यह आंकड़ा 9,782 था। दिल्ली के बाद मुंबई में 5,543 मामले और बेंगलुरु में 3,127 मामले आए थे। थॉमसन रॉयटर्स फाउंडेशन की ओर से जारी किए गए एक सर्वे में भारत को पूरी दुनिया में महिलाओं के लिए सबसे खतरनाक और असुरक्षित देश माना गया है। महिलाओं के प्रति यौन हिंसा, मानव तस्करी और यौन व्यापार में ढकेले जाने के आधार पर भारत को महिलाओं के लिए खतरनाक बताया गया है। इस सर्वे के अनुसार महिलाओं के मुद्दे पर युद्धग्रस्त अफगानिस्तान और सीरिया क्रमशः दूसरे और तीसरे, सोमालिया चैथे और सउदी अरब पांचवें स्थान पर हैं। इस सर्वे में 193 देशों को शामिल किया गया था। इससे यह साबित होता है कि 2012 में दिल्ली में एक चलती बस में हुए सामूहिक बलात्कार के बाद अभी तक महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पर्याप्त काम नहीं किए गए हैं। 2012 में हुए निर्भया कांड के बाद महिलाओं की सुरक्षा और उनके खिलाफ होने वाली हिंसा देश के लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया था। अब प्रश्न यह है कि क्या भारत सच में महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान नहीं है। पाश्चात्य देशों का भारत के प्रति रुख कभी सकारात्मक नहीं रहा है। आज भारत जब जहां एक ओर विकास की लम्बी छलाग लगा रहा है वहीं दूसरी ओर कुछ विदेशी संस्थान दूर बैठ कर भारत के ऊपर नकारात्मक रिपोर्ट बना रहे हैं। कुछ घटनायें वाकई में शर्मनाक हैं लेकिन कुछ घटनाओं के लिए पूरे देश को जिम्मेदार तो नहीं ठहराया जा सकता है। इस रिपोर्ट में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि इसलिए दिखाई दे रही है। क्योंकि रिपोर्ट बनाने से पहले उनके द्वारा इस प्रकार का माहौल बनाया जाता है। जहां तक बात आती है महिलाओं की सुरक्षा की तो पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व निर्णयों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई प्रबंध किये हैं। ऐसे में भारत के प्रति ऐसी नकारात्मक रिपोर्ट भारत में खबर बनाने की विदेशी संस्थाओं की सोची समझी साजिश के अलावा कुछ और प्रतीत नहीं होता। भारत में महिलायें पहले की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है। आज जहां महिलाये नयी ऊंचाइयों को छू रहीं हैं वहीं दूसरी ओर सुरक्षा के शीर्ष पदों में भी देश का गौरव बढा रहीं हैं। भारत में महिला सुरक्षा से जुड़े कानून की सूचि बहुत लंबी है। इसमें हिंदू विडो रीमैरिज एक्ट 1856, इंडियन पीनल कोड 1860, मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1861, क्रिस्चियन मैरिज एक्ट 1872, मैरिड वीमेन प्रॉपर्टी एक्ट 1874,चाइल्ड मैरिज एक्ट 1929, स्पेशल मैरिज एक्ट 1954, हिन्दू मैरिज एक्ट 1955, फॉरेन मैरिज एक्ट 1969, इंडियन डाइवोर्स एक्ट 1969, मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन एक्ट 1986, नेशनल कमीशन फॉर वुमन एक्ट 1990, सेक्सुअल हर्रास्मेंट ऑफ वुमन एट वर्किंग प्लेस एक्ट 2013 आदि। इसके अलावा 7 मई 2015 को लोक सभा ने और 22 दिसम्बर 2015 को राज्य सभा ने जुवेनाइल जस्टिस बिल में भी बदलाव किया है। इसके अन्तर्गत यदि कोई 16 से 18 साल का किशोर जघन्य अपराध में लिप्त पाया जाता है तो उसे भी कठोर सजा का प्रावधान है। देश में महिलाओं के प्रति खराब होते माहौल को बदलने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं अपितु हर आम आदमी की भी है। हम सभी को आगे आकर महिला सुरक्षा की लड़ाई में महिलाओं का साथ देना होगा तभी देश की मातृ शक्ति सर उठा कर शान से चल सकेगीं। फिर कोई विदेशी संस्था भारत के खिलाफ इस तरह की नकारात्मक रिपोर्ट जारी करने से पहले सौ बार सोचेगी।

अब महिलाओं को समझना होगा कि आज समाज में उनकी दयनीय स्थिति समाज में चली आ रही परम्पराओं का परिणाम है। इन परम्पराओं को बदलने का बीड़ा स्वयं महिलाओं को ही उठाना होगा।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

## कविता

### फाल्गुनी रंगो से रंग दे

आओ फिर खेले रंगो की होली।
फाल्गुनी गुलाल से
रंग दे हमजोली,
दुनिया में अद्भुत, अतुलनीय
रंगों का त्योहार,
दुश्मनों से लगे गले
बढ़ा दे शांति और प्यार
मेरी तेरी उसकी बात नहीं
हम सबका यह प्यारा
प्यार भरा त्योहार,
फाल्गुनी बह रही बयार
लगा दे रंग हरा नीला पीला
आपसी दुखों का करें संहार,
इन रंगों में मिला है,
हम सब का मीठा मीठा प्यार,
मदमस्त करते ढोल और नगाड़े
आओ पढें प्यार के अनंत पहाड़े,
बुराई भेदभाव आडंबर का करें अंत
होली के रंगों से बन जाए सब संत,
दुनिया का अद्भुत त्यौहार होली का
बढ़ जाए प्यार हमजोली का,
ऐसे ही फाल्गुनी रंग-बिरंगे
रंगों से लगा रहे हमारा जीवन,
होली की मस्ती रहे
प्यार रहे, मनुहार रहे
अद्भुत रंगों से बना रहे जीवन।
बड़े-बड़े जाए आपस में
शांति सौहार्द

**संजीव**

## होली, अतुलनीय रंगों और समरसता का त्यौहार

**संजीव**

**होली की** अनंत बधाइयां, शुभकामनाये, फाल्गुनी रंगो से मनाई जाने वाली होली न सिर्फ भाईचारे, सौहार्द्र और प्यार,स्नेह का त्यौहार है। यह महान पर्व शत्रुता हरण करने वाला भी पवित्र त्यौहार है। होलिका दहन और रंगों के खेलने की की परंपरा अलौकिक है ।होलिका दहन के रूप में समाज में व्याप्त बुराई को नष्ट करने की अद्भुत परंपरा सिर्फ हमारे देश में ही है। ऐसी विलक्षण तथा इस होलिका दहन तथा होली के इस पावन पर्व पर जुड़ी हुई है। प्राचीन सांस्कृतिक कथा के अनुसार हिरण्यकश्यपु नामक राक्षस राजा हुआ करता था। प्राचीन काल मे ब्रम्हाजी की तपस्या से उसने वरदान प्राप्त कर लिया था,कि उसे न देवता मार सके न ही कोई अन्य जीव जन्तु ,न दिन मे मरे न रात मे ,न अस्त्र से न शस्त्रों से ,न धरती पर न आकाश मे उसकी मृत्यु हो ,इस तरह उसने अमरत्व प्राप्त कर लिया था। धीरे धीरे उसे इतना घमंड हो गया कि वह अपने को भगवान विष्णु और ब्रह्मा से बढकर भगवान समझने लगा ,राज्य मे कोई व्यक्ति किसी भगवान की पूजा नही कर सकता था, केवल हिरण्कश्यपु की ही पूजा हो सकती थी। कालांतर में उसके एक पुत्र हुआ, बालक बडा ही धार्मिक प्रवृत्ति का था और भगवान विष्णु का भक्त भी,यह बात राजा को अत्यंत नागवार गुजरती थी ,उसने अपने पुत्र को बहुत समझाने का प्रयास किया कि उसका पिता राजा हिरण्यकषिपु ही एकमात्र भगवान है ,पर बालक अपने पिता के इस अधर्मी आदेश को नही मानता था, बालक प्रह्लाद के ऊपर सख्ती करने हेतु उसके पिता हिरण्यकशयपु ने उसे समुद्र मे फेंकने का आदेश दिया ,उसे हाथी कुचलने का आदेश दिया,पहाड से नीचे फेंका गया पर भगवान विष्णु की भक्ति और दया से बालक प्रह्लाद जीवित सकुशल बच गया ।अंत मे राजा ने अपनी बहन और बालक प्रह्लाद की बुआ होलिका का सहारा लिया ,होलिका को जी तपस्या से एक ऐसे कपडे का वरदान प्राप्त था, जिसे पहनने पर वह अग्नि से जल नही सकती थी ।

इसी वरदान का फायदा उठाते हुए ,होलिका ने बालक प्रह्लाद को गोद मे लेकर अग्नि स्नान किया ,पर होलिका की चुनरी उड कर प्रह्लाद पर लिपट गई ,और दुष्ट होलिका जलकर भस्म हो गई,प्रह्लाद फिर बच गए। इस तरह होलिका दहन का त्यौहार होलीका नामक बुराई को अग्नि से खत्म करने की प्रथा चली आई है।

प्रह्लाद को राजा ने एक विशाल खंबे से बांध दिया और तलवार लेकर उसपर टूट पडा और पूछा बता तेरा भगवान कहां है ,बालक ने बड़ी निडरता से कहा भगवान हर जगह हैं ,आप मे, मुझ मे ,आपकी तलवार मे इस,इस खंबे मे भी ।

तब हिरण्यकश्यपु ने क्रोध से कहा तो देख तेरा भगवान तुझे कैसे बचाता है और उसने उसे मारने के लिए तलवार उठाई ,तभी खंबे को फाड़कर एक भयानक जीव निकला ,जो न नर था न दानव उसने राजा को गोद मे लिया और अपने नुकीले नाखून से राजा का पेट फाड दिया ।

## विचार

# होली: सामाजिक समरसता और उल्लास का पर्व

**मृत्युंजय दीक्षित**

**भारतीय** संस्कृति में होली के पर्व का अद्वितीय स्थान है। यह पर्व उमंग, उल्लास, उत्साह और मस्ती का पर्व है। होली का पर्व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाला पर्व है। होली का पर्व जलवायु परिवर्तन का भी संकेत देता है । होली का पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला पर्व है। वर्तमान में यह पर्व दो दिन तक मनाया जाता है। पर्व का प्रारम्भ होलिकादहन से होता है। अगले दिन जनमानस अबीर, गुलाल और गीले रंगों के साथ तथा पर्यावरण प्रेमी टेसू के फूलों के रंग के साथ होली खेलने का आनंद लेते हैं। कहीं - कहीं यह पर्व आज भी अपनी प्राचीन परम्परा के अनुरूप रंगभरी एकादशी से प्रारंभ होकर सप्ताह भर तक मनाया जाता है। होली के पर्व को धुरंडी, धुलेंडी, धुरखेल या धूलिवंदन भी कहा जाता है। इस दिन लोग एक दूसरे के साथ प्रेम के रस में सराबोर हो जाते हैं। होली के पर्व को वसंतोत्सव या ह्लकामोत्सवह्व भी कहा गया है। भक्त प्रहलाद की श्री हरि विष्णु के चरणों में अनन्य भक्ति इस उत्सव की आध्यात्मिक प्राण रेखा है। संस्कृत साहित्य में होली के विभिन्न रूपों का वर्णन मिलता है। श्रीमद्भागवत महापुराण में रसों के समूह रास का वर्णन मिलता है। होली पर्व का वर्णन किस साहित्य में मिलता है उसमें जैमिनी के पूर्व मीमांसा सूत्र और कथा ग्राह सूर्य उल्लेखनीय हैं। नारद और भविष्य पुराण जैसे पुराणों की प्राचीन हस्तलिपियों और ग्रंथों में भी इस पर्व का उल्लेख मिलता है। हर्ष की प्रियदर्शिका व रत्नालीला तथा कालिदास की कुमारसंभवम् तथा मालविकाग्निमित्रम् में होली का वर्णन मिलता है। भारवि, माघ और कई अन्य संस्कृत के कवियों ने वसंत और होली की खूब चर्चा की हैं। चंदबरदाई के पृथ्वीराज रासो में होली का वर्णन मिलता है। आदिकालीन कवि विद्यापति से लेकर सूर, रहीम, रसखान ,जायसी ,मीरा, कबीर और रीतिकालीन बिहारी, केशव आदि कवियों का प्रिय विषय होली रहा है। महाकवि सूरदास ने होली पर 78 पद लिखे हैं। अवध में रघुवर और सिया, ब्रज में कृष्ण और राधिका होली के नायक नायिका हैं । इसके अतिरिक्त प्राचीन चित्रों भित्तिचित्रों, मंदिरों की दीवारों पर होली उत्सव के चित्र देखने को मिलते हैं। विजयनगर की राजधानी हंपी के 16वी शताब्दी के एक चित्रफलक में दंपति के होली मनाने का चित्र अंकित किया गया है। इस चित्र में राजकुमार और राजकुमारी को दासियों सहित रंग और पिचकारी के साथ होली खेलते दिखाया गया है। 16वीं शताब्दी में अहमदनगर की एक चित्र आकृति का विषय वसंत रागिनी भी है। इस चित्र में राज परिवार के एक दंपत्ति को बगीचे में झूला झूलते दिखाया गया है। साथ ही अन्य सेवक - सेविकाएं रास रंग में व्यस्त हैं। वे एक - दूसरे पर पिचकारियों से रंग भी डाल रही हैं। मध्यकालीन भारतीय मंदिरों के भित्तिचित्रों और आकृतियों में होली के रंग देखने को मिल जाते हैं। उदाहरण के रूप में 17 वीं शताब्दी में मेवाड़ की एक कलाकृति में महाराणा को अपनी रानियों के साथ चित्रित किया गया है। एक अन्य चित्र में राजा को हाथी दांत के सिंहासन पर बैठा दिखाया गया है जिसके गाल पर महिलाएं रंग मल रही हैं। होली का पर्व पूरे भारत में, हर प्रांत में अलग- अलग प्रकार से मनाया जाता है। सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र बिंदु ब्रज की होली है। जिसमें बरसाने की लट्ठमार होली सर्वाधिक प्रसिद्ध है। मथुरा - वृंदावन में होली का पर्व 15 दिनों तक मनाया जाता है। कुमाऊं में गीतों की होली में संगोष्ठियों का आयोजन होता है जिसे बैठकी होली कहते हैं इससे मिलती जुलती परंपरा झारखंड में भी देखने को मिलती है । हरियाणा के धुलेंडी क्षेत्र में भाभी द्वारा देवर को उठाने की प्रथा है। बंगाल में चैतन्य महाप्रभु की जयंती धूमधाम से मनाया जाती है। महाराष्ट्र में होली का पर्व रंग पंचमी के रूप में मनाया जाता है। पंजाब में होली का पर्व होला मोहल्ला के रूप में मनाया जाता है।तमिलनाडु में यह पर्व कामदेव की कथा पर आधारित वसंतोत्सव है।इसी प्रकार छत्तीसगढ़ की होरी में लोकगीतों की अदभुत परम्परा है। मालवा के अंचलों में यह पर्व भगोरिया नाम से बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। होली के दिन सामाजिक समरसता का वातावरण देखने को ही मिलता है। इस पर्व के साथ खान पान और पकवान की भी कई परम्पराएं जुड़ी हैं जिनमे सबसे लोकप्रिय परम्परा गुझिया बनाने की है। गुझिया केवल होली के पर्व पर ही बनने वाला पकवान है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आप के भ्रष्टाचार पर अन्ना का आपराधिक मौन

**आशीष वशिष्ठ**

**क्या** आपको 12 वर्ष पहले का रामलीला मैदान याद है, क्या आपके मन-मस्तिष्क में जनलोकपाल की वो मांगें ताजा हैं? क्या आपकी नजरों में मंच पर बैठी अनशन करती वो बूढ़ी काया अभी भी समाई हुई है जिसने पूरे देश में एक जनआंदोलन पैदा कर दिया था? शायद आप ये सब भूल गए हों। 12 वर्ष का समय होता भी बहुत लंबा है। 12 वर्ष पूर्व मंच पर बैठी उस बूढ़ी काया का नाम किसन बाबूराव हजारे है, जिसे हम अन्ना हजारे के नाम से जानते हैं। 2011 में जन लोकपाल बिल की मांग के साथ अन्ना हजारे ने दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर अपना अनशन शुरू किया। जंतर-मंतर पर अन्ना का छोटा सा अनशन भ्रष्टाचार के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा अनशन बन गया। 'मैं भी अन्ना, तू भी अन्ना...' नारा इसी आंदोलन की उपज था। 27 अगस्त.को संसद का विशेष सत्र बुलाया गया। सरकार ने संसद में अन्ना की प्रमुख तीन मांगों पर बहस कराई। रात आठ बजे तक संसद के दोनों सदनों ने ध्वनिमत से इन शर्तों के पक्ष में विचार करने के लिए उसे स्थाई समिति के पास भेजने का प्रस्ताव पारित कर दिया। इसके बाद अन्ना ने घोषणा की कि वे अपना अनशन तोड़ देंगे। आज तक किसी भी आंदोलन की वजह से संसद के विशेष सत्र नहीं बुलाया गया था। 28 अगस्त को अन्ना ने सुबह सवा दस बजे अनशन तोड़ दिया लेकिन उन्होंने कहा कि ये अनशन टूटा है ना कि आंदोलन। जब तक उनका जनलोकपाल बिल बन नहीं जाता वो पूरे भारत में भ्रमण करेगें। अन्ना आंदोलन का मुख्य उद्देश्य जनलोकपाल बिल पास करवाना था। जिससे समाज और देश की जड़ों में गहरे तक समा चुके भ्रष्टाचार का समूल नाश करना था। अन्ना के आंदोलन से पैदा हुई शक्ति से जन लोकपाल बिल तो पास नहीं हुआ, हां देश को एक नया राजनीतिक दल जरूर मिल गया। 26 नवंबर 2012 को आम आदमी पार्टी का गठन किया गया। आज आम आदमी पार्टी के गठन को लगभग 10 वर्ष से ज्यादा का समय हो चुका है। इस दौरान आम आदमी पार्टी ने राजनीति में ज्यादातर पाया ही है और अभी तक खोया बहुत कम है।

# बिन आँखों वाले रुपए भला यह सब कैसे जानेंगे

**डॉ. सुरेश कुमार**

**हमारे** भैया जी अफसर बन गए हैं। जब तक भैया थे तब तक गैया माफिक भोली-भाली शक्ल लिए सबके चहेते थे। पहले वे जो कुछ भी लिखते मास्टर जी उसे काट देते थे। कहते इसमें यह गलत है वह गलत है। अब वही मास्टर जी भैया जी के अफसर बनने के बाद उनके ऑफिस जाते और अपनी पेंशन की फाइल दिखा-दिखाकर अपनी बीपी, शुगर बढ़वाते। चप्पल घिसवाना, नाक रगड़वाना अधिकारी बने भैया जी का पसंदीदा शौक था। उनका दृढ़ विश्वास था कि जब तक चप्पल नहीं घिसेगी और नाक रगड़ी जाएगी तब तक बंदा रिश्वत रूपी लक्ष्मी देने से आना-कानी करता है। इसीलिए अपने ही मास्टर जी की फाइल की हर सही चीज को काटकर उन्हें गलत साबित करने में अपना बदला समझा। मास्टर जी करते भी तो क्या करते। चाकपीस लिखने वाले मास्टर की किस्मत ब्रह्मा नहीं हमारे भैया रूपी अधिकारी लिखते हैं। नए नवेले अधिकारी का निर्दयी, कपटी, हड़कंपी बनना शार्टकट में अमीर बनने की निशानी होती है। भैया जी अधिकारी के रूप में बहुत आगे बढ़ रहे थे। उनके हाव-भाव से ऐसा लगता कि वे पैदा बाद में हुए हैं अधिकारी पहले बने हैं। उनकी मानें तो ब्रह्मा का लिखा मिट सकता है, कंकर शंकर बन सकता है, लेकिन उनकी लिखे को कोई काट नहीं सकता है। मास्टर जी की फाइल में गाँव, ब्लाक, जिला सबकी जानकारी थी केवल राज्य का नाम नहीं लिखा था, इस पर भैया जी ने उन्हें यह सिद्ध करने के लिए भेज दिया कि वे इसी देश के हैं। मास्टर जी कहने लगे केवल देश का नाम नहीं है। इससे क्या होता है। तुम तो मेरे छात्र हो। मुझसे पढ़े हो।

क्या इतना भी नहीं जानते कि मैं किस देश का हूँ। इतना भर तो तुम भी लिख सकते हो। इस पर अधिकारी जी ने कहा कि यह सच है कि मैं आपसे पढ़ा हूँ और आपने मुझे पढ़ाया है। लेकिन बिन आँखों वाले रुपए भला यह सब कैसे जानेंगे। इसीलिए फाइल का भार बढ़ाइए और अपना काम मक्खन की तरह करवाइए। इसी में देश की भलाई है।

# होली पर्व के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**हर वर्ष** की भांति इस वर्ष भी होली व फाग का त्योहार पूरे भारतवर्ष में 7 व 8 मार्च 2023 को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस त्योहार पर एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को गुलाल लगाते हैं व एक-दूसरे पर पानी डालते हैं। 8 मार्च को फाग के दिन यह सिलसिला पूरे दिन चलेगा। कुछ असमाजिक तत्त्व छोटे मोटे झगड़े को बड़ा रूप दे देते है। ऐसी परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुए जिला पुलिस की ओर से होली व फाग के पर्व पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने होली के त्योहार के मद्देनजर जिले में कानून एवं व्यवस्था व सांप्रदायिक सद्भावना को बेहतर बनाए रखने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से सुव्यवस्थित करने व किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटने व आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में हुडदंग बाजी करने वालों से सख्ती से निपटने के विशेष रूप से दिशा निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक थाना में तीन पैदल गश्त पार्टी बनाकर नियुक्त की है। पूरे जिले में 47 गश्त पार्टी क्षेत्र में पैदल गश्त करेंगी। भीड़-भाड़ वाले इलाकों सहित विभिन्न स्थानों पर जवानों को सादी वर्दी में भी तैनात किया गया है। जिनकी असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रहेगी। यातायात को व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए मुख्य चौक चौराहों पर विषेश पुलिस दस्ते तैनात रहेगें। सभी पीसीआर एंव राइडर को निर्देश दिए गए है कि पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से जहां भी अव्यवस्था की सूचना प्राप्त होगी तुरंत मौके पर जाकर स्थिति से निपटेगें।

**8 बाइक के साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकालने वाली बाइक को तुरंत जब्त करके उनके विरूध कारवाई करने के निर्देश दिए गए**

शराब पीकर वाहन चलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा तथा महिलाओं की सुरक्षा हेतु विशेष महिला पुलिस दस्ता भी कार्रवाई की सूरत में रहेगा।

बाइक के साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकालने वाली बाइक को तुरंत जब्त करके उनके विरूध नियमानुसार कारवाई करने के निर्देश दिए गए है। जिला में विभिन्न मार्गो व चौक चोराहों पर 58 स्थानों पर नाकाबंदी कर प्रभावी चेकिंग की जाएगी। अल्कोहल सेंसर से जांच कर शराब पीकर ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। इसके अलावा सभी पुलिस थानों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और पुलिस लाइन में रिजर्व पुलिस बल भी रखा गया है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने जिला के सभी नागरिकों को होली के त्योहार की बधाई देते हुए कहा है कि इस त्योहार पर अपने पुराने गिले-शिकवे दूर करके बिना किसी भेदभाव और वैर विरोध के इस पावन पर्व का आंदन लें। गुलाल और फूलों की होली खेलें। इसके साथ ही कानून व्यवस्था की पालना करते हुए पुलिस का सहयोग करें, किसी भी आपातकालीन स्थिति में पुलिस को तुरंत सूचित करें। जिला में कानून एंव शांति व्यवस्था को किसी भी सूरत में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। पानीपत पुलिस की तरफ से जिला वासियों को रंगों के इस पर्व की बहुत बहुत बधाई।

## आप" सोनीपत विधानसभा संगठन ने बेघर बुजर्गो संग मनाई फूलों की होली



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**आम** आदमी पार्टी हरियाणा द्वारा सभी 90 विधानसभा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सोनीपत में भी सभी छः विधानसभा में प्रोग्राम आयोजित किया गया। आम आदमी पार्टी सोनीपत के निवर्तमान जिलाध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने बताया की सोनीपत विधानसभा का कार्यक्रम बेघर बुजुर्गो संग समाज कल्याण शिक्षा समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में मनाया गया। होली के त्यौहार में सभी गीले शिकवे भुला कर प्रेम से भाईचारे का परिचय देना चाहिए। देवेन्द्र गौतम ने कहा की जो बुजुर्ग अपनों से दूर हो गए है उनका भी मन होता है जीवन में खुशियों से त्यौहार मनाये। देवेन्द्र गौतम ने कहा की बेघर बुजुर्गो को उनके अपनों की कमी महसूस ना हो इसलिए पार्टी ने में उनके साथ होली का त्योहार मनाने का फैसला लिया। देवेन्द्र गौतम ने बताया की होली मनाने में गेंदे के फूल ओर ओरगैनिक रंगों का इस्तेमाल किया गया। सबसे पहले सभी बुजुर्गो को रंग से तिलक लगाया गया ओर उसके बाद सभी ने गानों की धुन पर नाचते गाते होली के त्योहार को मनाया गया।

## न्यूज फ्लैश

### एवी स्कूल में हवन कर खेली गई फूलों की होली

**पानीपत: नूरवाला** स्थित एवी पब्लिक स्कूल में आज होली का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। होली पर हवन का आयोजन किया गया और हवन करवाने वाले ब्रह्मा प्रिय दत्त शास्त्री होशंगाबाद से आए थे। हवन पर यजमान भास्कर आर्य प्रधान और निशांत आर्य कैशियर सपरिवार बने। इस अवसर पर प्रिय दत्त ने बहुत सरल भाषा में यज्ञ के लाभ बताएं और होली पर्व का भी उल्लेख किया। इस मौके पर पानीपत के गणमान्य व्यक्तियों ने हवन में आहुति दी। धीरज कपूर, दिनेश, जयवीर दहिया, अशोक अरोड़ा, ऋषि पाल शर्मा, सह परिवार उपस्थित रहे। धीरज कपूर ने महिला दिवस पर प्रकाश डाला और महिला सशक्तिकरण की बात की। वहीं प्रिंसिपल राजेंद्र सिंह शास्त्री ने आए हुए आगंतुकों का धन्यवाद किया और बच्चों को आशीर्वाद दिया। वहीं फूलों द्वारा विद्यालय के बच्चों ने होली खेली और बच्चों ने शपथ ली कि हम रंग मुक्त होली खेलेंगे, पानी का दुरुपयोग नहीं करेंगे।

### किसान संगोष्ठी आयोजित

**पानीपत: स्काईलार्क** पशु आहार कंपनी की तरफ से आज गांव कावड़ी में एक किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के लोक संपर्क अधिकारी वीरेंद्र शर्मा ने पशुपालकों को पशुओं के आहार संबंधित विस्तृत जानकारी दी और बताया कि संतुलित पशु आहार से पशुओं का स्वास्थ्य ठीक रहता है तथा उनके दूध में इजाफा होता है। इस अवसर पर पशु पालकों के साथ विचार विमर्श भी किया गया। इस अवसर पर डेरी संचालक सोमी रावल, गौतम, कप्तान सिंह, धर्म सिंह व अन्य पशुपालक मौजूद रहे।

### आप सांसद डॉ.सुशील गुप्ता ने कार्यकर्ताओं संग मनाई होली

**पानीपत: आम** आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद व हरियाणा प्रभारी डॉ.सुशील गुप्ता आज होली मिलन समारोह में अनिल शर्मा के कार्यालय पहुंचे। यहां पर उन्होंने सभी कार्यकताओं के साथ फूलों की होली खेली व सभी को संदेश दिया की होली प्रेम से और बिना पानी की खेलें। पानी को व्यर्थ ना करें, होली प्रेम का त्यौहार है प्रेम से मनाएं। सांसद डॉ.सुशील गुप्ता ने सभी कार्यकताओं के साथ संवाद किया। वहीं सन्नी विर्क व कुछ अन्य व्यक्तियों को आम आदमी पार्टी ज्वाइन कराई। सभी को आम आदमी की टोपी पहनाकर पार्टी में शामिल किया गया। इस अवसर पर राकेश मुंजाल, कृष्ण अग्रवाल, कृष्ण यादव, अजीत, रविंद्र, राजीव कंसल, हेमा, सुनील, धर्मपाल, सन्नी सिंह, रेखा बंदना, सुनील, प्रमोद, नवीन, कृपाल सिंह, विक्रांत कम्बोज व दिलबाग आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डा.संजय राजपाल ने संभाला आयुर्वेद अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार

**पानीपत: जिला** आयुष विभाग के कार्यालय में एएमओ डा.संजय राजपाल ने जिला आयुर्वेद अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यालय के चिकित्सा अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और वरिष्ठ एचएमओ डा.सुदेश पाल ने उन्हें आश्वस्त किया कि कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी हरियाणा आयुष विभाग की सभी योजनाओं को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देंगे। अतिरिक्त जिला आयुर्वेद अधिकारी डाक्टर संजय राजपाल ने कहा कि आयुष विभाग के अधीन होमियोपैथिक, पंचकर्म और योगा की योजनाएं और कार्यक्रम लागू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला में इस समय 29 औषधालय हैं। कोई भी व्यक्ति अपने निकट के औषधालयों में जा कर नि:शुल्क जांच एवं औषधियां ले सकते हैं।

### नव ज्योति शिक्षा सदन के दो छात्र भारत को जानों प्रतियोगिता में छाए

**गन्नौर। नव** ज्योति शिक्षा सदन स्कूल के छात्रों ने भारत विकास परिषद के नोएडा में हुए प्रांतीय अधिवेशन के तहत आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता में हरियाणा प्रांत उत्तर क्षेत्र शाखा दो गन्नौर से प्रतिभागी छात्र भविष्य और वीरेन ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्रों के सम्मन में स्कूल में सम्मान किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेन्द्र कौशिक ने बताया कि छात्रों ने प्रदेश के गौरवमान को बहुत अधिक बढ़ाया है। दोनों विद्यार्थियों को रोहतक में भारत विकास परिषद हरियाणा मध्य प्रांत द्वारा सम्मानित किया गया। कौशिक ने बताया कि इसमें पहले विद्यालय स्तर पर बच्चों को तैयार किया जाता है और फिर ब्लॉक स्तर पर विजयी प्रतिभागियों मौका मिलता है। इसकी तैयारी के लिए भारत विकास परिषद् द्वारा एक पुस्तक भारत को जानो प्रकाशित की गई है। इसके अतिरिक्त इस प्रतियोगिता में करंट अफेयर्स से भी प्रश्न पूछे जाते हैं। नव ज्योति शिक्षा सदन छात्रों को होने वाली किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है और फिर उनकी तैयारी करवा कर बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम करता है।

## आपसी प्रेम प्यार व भाईचारे के साथ मनाये होली का पर्व: सुशील गुप्ता



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ सुशील गुप्ता ने सेक्टर 13-17 में आप नेता अनिल शर्मा के कार्यालय पर आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत की और उन्होंने पार्टी कार्यकताओं के साथ फूलों की होली खेली। डा. गुप्ता ने सभी कार्यकताओं को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे व प्रेम प्यार का त्यौहार है और इसको हमें आपस मिलझुल कर मनाना चाहिये। वहीं डा. सुशील गुप्ता ने सभी कार्यकताओं से आहवान किया कि वे होली पर पानी का प्रयोग न करे और गुलाल का तिलक लगाकर व फूलों की होली खेलनी चाहिये। इस मौके पर सन्नी विर्क व कई अन्य व्यक्ति आप में शामिल हुए और डा. सुशील गुप्ता ने सभी को पार्टी की टोपी पहनाकर आप में शामिल किया। वरिष्ठ नेता राकेश मुंजाल, कृष्ण अग्रवाल, कृष्ण यादव, अजीत, रविंद्र, राजीव कंसल, हेमा, सुनील, धर्मपाल, सनी सिंह, रेखा, वंदना, प्रमोद, नवीन, कृपाल सिंह, विक्रांत कंबोज व दिलबाग आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हलके के लोगों ने पहुंचकर उनका मान- सम्मान बढ़ाया है: आंतिल

**राई/टीम एक्शन इंडिया**
**बहालगढ़ चौक** के पास हाल ही में आप में शामिल हुए मास्टर सत्यनारायण आंतिल के नेतृत्व में होली के पर्व के उपलक्ष्य में होली का त्यौहार मनाया गया।
इस मौके पर सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। वहीं मास्टर सतनारायण ने उनके आप में शामिल होने पर जनसभा में पहुंचे कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। आंतिल ने कहा कि हलके की जनता उनकी उम्मीदों पर खरा उतरी है। उन्होंने जिन लोगों को न्यौता दिया था, सभी ने पहुंचकर उनका मान- सम्मन बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि वे आम आदमी पार्टी की नीतियों का गांव- गांव में जाकर प्रचार करेंगे ताकि जनता को उनकी नीतियों के बारे में पता लग सके। इस मौके पर धर्मपाल पंडित खेवड़ा, सुखवीर दीपालपुर, राजबीर आंतिल पलडी कलां , नरेश दीपालपुर, फूलकवार कुमासपुर , सुरेंद्र पलड़ी कलां, सोहन लाल बहालगढ़, कृष्ण शर्मा राई, बोबी चौहान जोशी चौहान आदि मौजूद थे।

## दु:ख भजन दरबार में आनंद प्रकाश महाराज के सानिध्य में मनाया होली महोत्सव

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**ऊं गुरू** शरणम परिवार पानीपत द्वारा 25वां वार्षिक होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। तहसील कैंप के सुभाष नगर स्थित दुःख भंजन दरबार में आनंद प्रकाश महाराज के सानिध्य में होली महोत्सव मनाया गया। जिसमें भजन संध्या, प्रवचन व भंड़ारा लगाया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी संजय सहगल द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। भजन नरेश सहगल प्रस्तुत किए गए। जबकि ध्वजारोहण वरिष्ठ कांग्रेस नेता वरिन्द्र बुल्ले शाह, ज्योत प्रज्जवलित छोटा गोयल माधव व पालकी सेवा छोटा कश्यप अर्थ द्वारा की गई। शोभायात्रा का शुभारंभ समाजसेवी श्रीराम चुटानी ने किया। वहीं श्री महाकाली जी की महाआरती में अतिथिगण दशहरा कमेटी सनौली रोड के प्रधान रमेश माटा, समाजसेवी सोमनाथ कपूर, नवजीवन चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रामनाथ मोगा, समाजसेवी सन्नी मदान रहे। आरती के बाद विशाल लंगर लगाया गया। इस अवसर पर परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कोचर,उपाध्यक्ष कृष्ण लाल भगत, महासचिव डा.अतुल गर्ग,सहसचिच हेमंत विरमानी, कोषाध्यक्ष पवन अरोड़ा, विनोद गुम्बर, नरेश मोंगिया, दलीप आहुजा, यशपाल शर्मा, रमेश चुघ, रमेश मलिक, हिमांशु बांगा, बिजेन्द्र गगान,पंकज टुटेजा,अमित सोनी व कमल गंभीर आदि मौजूद रहे।

## फर्स्ट ऐड देते समय यह जानना की क्या नहीं करना है अत्यधिक महत्वपूर्ण है: ऋतु

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**एसडी** पीजी कॉलेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के एनएसएस पाठ्यक्रम के अनुसार जारी सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के छठे दिन एनएसएस स्वयंसेवकों ने ईशा फाउंडेशन से मुख्य वक्ता गरिमा मलिक की अगुआई में उपयोग, ईशा क्रिया और इनर इंजीनियरिंग विषयों पर स्वयंसेवकों को व्यावहारिक और जिवंत प्रशिक्षण दिया गया। उनके साथ ईशा फाउंडेशन से उत्कर्ष वर्मा,ज्योति भारद्वाज और महिमा भारद्वाज ने भी कार्यकताओं के ज्ञान में वृद्धि की। गरिमा मलिक ने कहा कि इनर इंजीनियरिंग एक शक्तिशाली कार्यक्रम है जिसमें मन की भीतरी खुशहाली प्राप्त करने के लिए योगिक तकनीकें सिखाई जाती हैं। वहीं ऋ तु भारद्वाज फर्स्ट ऐड विशेषज्ञ जिला रेड क्रॉस पानीपत ने एनएसएस स्वयंसेवकों को फर्स्ट ऐड के गुर सिखाये ताकि वे इस प्रशिक्षण को ग्रामीणों और आमजन तक पहुंचा सकें । वहीं पर्यावरण बचाने हेतु पोस्टर मेकिंग जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अन्नू ने बाजी मार कर प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यकताओं का मार्गदर्शन प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, और अगुआई एनएसएस एवं वाईआरसी प्रभारी डॉ.राकेश गर्ग, डॉ.संतोष कुमारी, डॉ.दीपिका अरोड़ा, डॉ.एसके वर्मा और डॉ.पवन सभरवाल ने किया। रितु भारद्वाज फर्स्ट ऐड विशेषज्ञ ने फर्स्ट ऐड पर प्रैक्टिकल ट्रेनिंग देते हुए सिखाया कि किसी भी बीमारी, चोट या दुर्घटना के लिये चिकित्सक या ऐम्बुलेंस आने से पहले जो राहत कार्य और उपचार किया जाता है उसे ही प्राथमिक सहायता कहते हैं। आपातकाल में पड़े हुए व्यक्ति की जान बचाने के लिए हम आस-पास की किसी भी वस्तु का उपयोग कर सकते हैं। जिससे घायल या बीमार व्यक्ति को जल्द से जल्द आराम मिल सके।

## छात्राओं ने दिया बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं का संदेश

**गन्नौर:** गांव चिरस्मी में शहर के कन्या कालेज की छात्राओं द्वारा बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं जागरूकता रैली निकाली। रैली को कालेज के प्रधानाचार्य व गांव के सरपंच जसबीर ने संयुक्त रूप से हरि -ंडी दिखाकर रवाना किया। रैली गांव के राजकीय स्कूल से शुरू होकर गांव की मुख्य गलियों से होती हुई वापिस स्कूल के पास आकर समाप्त हुई। रैली के दौरान स्कूल की छात्राएं हाथों में पट्टी व बैनर लिए हुए थे। जागरूकता रैली संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि बेटी की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा करना हमारा प्रथम कर्तव्य है।

## रामनगर ने गन्नौर की टीम को 8 विकेट से हराया

### खेल के माध्यम से युवा अपना बेहतर बना सकते है भविष्य: देवेंद्र कादियान



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**रामनगर** स्पोर्ट्स क्लब की ओर से इंटर विलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रामनगर में किया गया। प्रतियोगिता में रामनगर, घसौली, खेड़ी, सनपेड़ा, मलिकपुर, बेगा, हसनपुर समेत अन्य गांवों से 20 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गन्नौर व रामनगर गांव की टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर गन्नौर ने पहले बल्लेबाजी कर 10 ओवर में 101 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामनगर की टीम ने मात्र 2 विकेट खोकर 7.3 ओवर में 102 रन बनाकर जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता में मैन आफ द मैच सचिन उर्फ चीमा व मैन आफ द सीरिज का खिताब वीरू को मिला। इससे पहले मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया और टूनार्मेंट में विजेता टीम को पुरस्कृत किया और कहा कि खेल के मैदान में हर खिलाड़ी के अंदर सिर्फ और सिर्फ खेल की भावना होनी चाहिए क्योंकि हार और जीत तो एक ही सिक्के के दो पहलू है। आज खेल से ही मनुष्य के शारीरिक , मानसिक विकास का होना संभव है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से भी युवा अपना भविष्य बेहतर कर सकते है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में उभरते खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर भारत स्वामी, सोमबीर, सचिन, रोहित, मीतू, दिलबाग, राकेश आदि मौजूद रहे।

## पानीपत रिफाइनरी में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर दिलाई शपथ

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत रिफाइनरी एवं** पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स पीआरपीसी में 52वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस उत्साहपूर्वक, उद्देश्यपूर्ण एवं सार्थक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य.महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, उपमहाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण और सभी ठेकेदारों की उपस्थिति में कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख एम एल डहरिया तथा मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी सुधांशु शेखर द्वारा अग्नि एवं सुरक्षा विभाग में सुरक्षा ध्वजारोहण किया गया। एम एल डहरिया द्वारा सभी उपस्थित लोगों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इस दौरान इंडियन ऑयल के अध्यक्ष का संदेश मुख्य.महाप्रबंधक पीएंडयू आइटी मुकुल अग्रवाल द्वारा तथा निदेशक रिफाइनरी का संदेश हितेश शाह मुख्य.महाप्रबंधक तकनीकी द्वारा पढ़ा गया। इस अवसर पर फायर स्टेशन में सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। अपने सम्बोधन में डहरिया ने कार्य स्थल पर व्यवहार आधारित सुरक्षा को अपने जीवन शैली का अभिन्न अंग बनाने हेतु सभी से अनुरोध किया तथा कार्यक्षेत्र में निगरानी को और अधिक मजबूत करने की अपील की। मुख्य.महाप्रबंधक तकनीकी सुधांशु शेखर ने अपने अभिभाषण में सभी से अनुरोध किया कि वे किसी भी सुरक्षा मानदंडों, प्रक्रियाओं को पूरे संकल्प के साथ अपनाकर कार्य करें। इसके अलावा 4 से 11 मार्च 2023 तक कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों, अनुबंध पर्यवेक्षकों, चालकों तथा सहायकों, सीआईएसएफ कर्मचारियों, गृहिणियों और विप्स सदस्यों के लिए विभिन्न सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें>

# निकाह का झांसा देकर रेप करने के दोषी को 10 साल की कैद

**कोर्ट ने दोषी पर 30 हजार रुपए जुर्माना किया, नहीं देने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगेगा**



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**एडिशनल** सेंशन जज डॉ गगनदीप मित्तल की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने विधवा महिला को निकाह का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी आदिल पुत्र रसीद निवासी हॉली कालोनी, पानीपत को दोषी करार देते हुए उसे दस साल के कठोर कारावास व 30 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुमार्ना नहीं देने पर दोषी आदिल को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

**यह है मामला**

दोषी आदिल ऑटो रिक्शा चलाता था और पीडित विधवा महिला कई बार आदिल के ऑटो रिक्शा का प्रयोग किया। वहीं आदिल ने उसके साथ निकाह करने का झांसा दिया और उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। विधवा महिला ने जब आदिल पर निकाह का दबाव बनाया तो वह उसे होटल में ले गया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। वहीं जबकि विधवा महिला आदिल पर निकाह के लिए दबाव बनाती तो वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायर करने की धमकी देता और उसके साथ दुष्कर्म करता। वहीं विधवा महिला ने आदिल के खिलाफ गत वर्ष दो जनवरी को थाना चांदनी बाग पुलिस को शिकायत दी थी। पुलिस ने आरोपी आदिल पर केस दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया।

## एसडी इंटरनेशनल स्कूल ने किया मैराथन दौड़ का आयोजन

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**दशहरा मेला** ग्राउंड के सामने हुडा सेक्टर 13-17 के हैली पैड ग्राउंड में फिट इंडिया अभियान के तहत एसडी इंटरनेशनल स्कूल ने मैराथन दौड़ का आयोजन किया। जिसका शुभारम्भ उपायुक्त सुशील सारवान ने रिबन काटकर किया और सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट ने हरी झंडी दिखाकर सभी को दौड़ के लिए रवाना किया। प्रधानाचार्या रूचि शर्मा ने कहा कि इस दौड़ का उद्देश्य देशवासियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस दौड़ में भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल प्रबन्धक की ओर से टी.शर्ट और कैप का वितरण किया गया। इस दौड़ में बड़ी संख्या में युवाओं, छात्रों व उनके अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के व्यवस्थापक पवन गर्ग ने सभी को फिट रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त सुशील सारवान, यातायत पुलिस के डिप्टी सुप्रीडेंट संदीप कुमार, सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट, और एसडी सोसाइटी के सदस्यगण उपस्थित रहे। वहीं दीपू, आशीष, देव, मनत, शुभम, आकाश, सागर, हिमांशु, प्रीति, वंश, सचिन, अंकुर, शुभम, सौरभ, अनमोल, आकाश और दक्ष आदि मैराथन के विजेताओं का प्रोत्साहन बढ़ाने के लिए उन्हें मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
अंबाला
(मनीष)
मो. नं.: 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं.: 9466035040

# आश्रम फ्लाईओवर का सीएम ने किया उद्घाटन

**पहले सुबह और शाम घंटों जाम लगता था, अब इससे निजात मिलेगी, डीएनडी से एम्स तक बिना रेड लाइट के पहुंच सकते हैं**





**नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को आश्रम फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि बहुत खुशी का दिन है। पहले सुबह और शाम घंटों जाम लगता था, अब इससे निजात मिलेगी। डीएनडी से एम्स तक बिना रेड लाइट के पहुंच सकते हैं। वहीं निर्माण कार्य को लेकर दो महीने से आश्रम फ्लाईओवर बंद था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाई टेंशन वायर की वजह से अभी हेवी व्हीकल वाहन अभी नहीं चल पाएंगे। ये 1425 मीटर लंबा है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में कुल 101 फ्लाईओवर और अंडर पास है, जिसमें से 27 हमारी सरकार में बनें। दिल्ली में ऐसे 15 फ्लाईओवर बन रहे हैं, जोकि जल्दी बनकर तैयार हो जाएंगे, साथ ही सड़कों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। पीडब्लूडी की तकरीबन 1480 किलोमीटर की सड़कों को साफ और सुंदर बनाया जाएगा। वहीं, राबड़ी देवी से सीबीआई की पूछताछ पर दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि ये गलत है, विपक्ष के लोगों को प्रताड़ित करना ठीक नहीं है। यह ट्रेंड बनता जा रहा है कि जहां विपक्ष की सरकारें हैं, वहां काम नहीं करने दिया जाएगा। जनतंत्र तभी आगे चलेगा, जब सभी मिलकर काम करेंगे, जिसकी जहां सरकार है, उसे वहां काम करने दिया जाना चाहिए। इससे पहले उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी से नाराज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने राज्यों की सभी गैर-भाजपा सरकारों को चैन से काम नहीं करने देने का फैसला लिया हुआ है।

## जेल में सिसोदिया को होगी दवाईयां, डायरी, पैन और गीता रखने की इजाजत

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के कथित आबकारी शराब नीति घोटाले में न्यायिक हिरासत में भेजे गए मनीष सिसोदिया को तिहाड़ की जेल नंबर 1 में रखा जाएगा। जेल में सिसोदिया को होगी दवाईयां, डायरी, पैन और भागवत गीता रखने की इजाजत होगी। शराब नीति में घोटाले के आरोपों के चलते दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आज राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। न्यायिक हिरासत के दौरान सिसोदिया को जेल में दवाईयां, डायरी, पैन और भागवत गीता रखने की इजाजत होगी। इस दौरान जेल प्रशासन ने कोर्ट को बताया कि जेल में कैदियों के लिए विपश्यना की भी व्यवस्था है। वहीं सूत्रों की माने तो सिसोदिया को न्यायिक हिरासत में भेजने के बाद तिहाड़ जेल में हाई लेवल की मीटिंग हुई है। तिहाड़ प्रशासन की मीटिंग में ये तय किया गया है कि मनीष सिसोदिया को जेल नम्बर 1 में रखा जाएगा। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय सत्येन्द्र जैन और उससे जुड़े अन्य आरोपितों की जेल में घंटो होने वाली मीटिंग पर विरोध दर्ज करते हुए कोर्ट में शिकायत कर चुकी थी।

## निक्की हत्याकांडः साहिल समेत छह आरोपितों की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ी

**हत्या के आरोपित**

**= कोर्ट ने 22 फरवरी को साहिल गहलोत को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था**



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** की द्वारका कोर्ट ने निक्की यादव की हत्या के आरोपित साहिल गहलोत समेत सभी छह आरोपितों की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए और बढ़ा दी है। आज सभी आरोपितों की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही है, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने 22 फरवरी को साहिल गहलोत को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था, जबकि बाकी आरोपित 20 फरवरी को न्यायिक हिरासत में भेजे गए थे। साहिल गहलोत को 22 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेजा गया था। 15 फरवरी को पुलिस ने साहिल को गिरफ्तार किया था, जबकि 17 फरवरी को दिल्ली पुलिस ने साहिल गहलोत के पिता वीरेंद्र सिंह, भाई आशीष और नवीन, दोस्त लोकेश और अमर को गिरफ्तार किया था। नवीन दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल है।
साहिल और निक्की ने अक्टूबर 2020 में नोएडा के एक आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली थी। साहिल का परिवार इस शादी से नाखुश था, इसलिए वो निक्की को रास्ते से हटाना चाहते थे। साहिल के परिवार ने दिसंबर, 2022 में उसका रिश्ता तय कर दिया और लड़की वालों से बात छिपाई कि साहिल पहले से शादीशुदा है। पुलिस ने साहिल और निक्की के शादी के सर्टिफिकेट भी बरामद किए हैं। निक्की की शव को फ्रिज में छुपाने में उसके दोस्त और चचेरे भाई ने साथ दिया था। दरअसल, निक्की साहिल के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। उसका बॉयफ्रेंड साहिल किसी दूसरी महिला से शादी करने की तैयारी कर रहा था, इसको लेकर दोनों के बीच में कहासुनी हुई थी। आरोपित ने सुबह अपनी गर्लफ्रेंड की हत्या की और फिर उसी शाम घरवालों के कहने पर दूसरी लड़की से शादी भी कर ली थी।

## पोस्टर वॉर: सिसोदिया को लेकर लिखा जो भ्रष्टाचारी है वही देशद्रोही है

**पोस्टर वॉर**

**= मनीष सिसोदिया और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को जेल की सलाखों के पीछे दिखाया गया है**

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**राजधानी** दिल्ली में शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को लेकर भाजपा के बाद, अब कांग्रेस ने भी पोस्टर वार किया है। कांग्रेस ने पार्टी मुख्यालय के बाहर कई पोस्टर चस्पा किये हैं। जिसमें मनीष सिसोदिया और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को जेल की सलाखों के पीछे दिखाया गया है। इस पोस्टर में लिखा गया है 'जो भ्रष्टाचारी है, वही देशद्रोही है' पोस्टर के नीचे दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी लिखा गया है, जिससे साफ है कि यह पोस्टर कांग्रेस नेता या कार्यकताओं की ओर से लगाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने पिछले माह शराब घोटाले में गिरफ्तार किया था। इस मामले की शिकायत उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने की थी। वहीं वर्ष 2022 में दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को हवाला मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। वह करीब 9 माह से जेल में बंद हैं। उनपर कोलकाता की एक कंपनी को हवाला के माध्यम से करोड़ों रुपए का लाभ पहुंचाने का आरोप है।

## हाईकोर्ट से शाहनवाज हुसैन को मिली राहत

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली हाई** कोर्ट ने कथित दुष्कर्म मामले में भारतीय जनता पार्टी के नेता शाहनवाज हुसैन और उनके भाई शाहबाज हुसैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के सेशंस कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस अमित महाजन की बेंच ने सोमवार को सेशंस कोर्ट को इस मामले पर नए सिरे से विचार करने और शाहनवाज हुसैन और उनके भाई को अपना पक्ष रखने देने का आदेश दिया। इस मामले में पटियाला हाउस कोर्ट के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद पीड़ित ने सेशंस कोर्ट में याचिका दायर की थी। सेशंस कोर्ट के एफआईआर दर्ज करने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी




गई थी। हाई कोर्ट ने इस बात पर गौर किया कि सेशंस कोर्ट ने सुनवाई करते समय शाहनवाज हुसैन और उनके भाई को नोटिस जारी कर उनका पक्ष नहीं सुना। आरोप लगाने वाली महिला एक गैर सरकारी संस्था (एनजीओ) का संचालन करती है। उसका आरोप है कि शाहबाज हुसैन ने अपने को भाजपा नेता का भाई बताया। इससे वह प्रभावित हुई। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। शाहबाज ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर शादी का वादा किया। बाद में पता चला कि शाहबाज विवाहित है और उनके बच्चे हैं। इसके बाद वह शाहनवाज हुसैन के पास मदद के लिए पहुंची। शाहनवाज हुसैन ने उसे शांत करते हुए कहा कि इस पर हाय तौबा न मचाये। यह दोनों के लिए नुकसानदायक होगा। महिला की शिकायत के मुताबिक जनवरी 2017 में शाहबाज ने एक मौलवी की उपस्थिति में उससे शादी की। बाद में पता चला कि मौलवी ने शादी का फर्जी प्रमाण-पत्र दिया है। इसके बाद महिला ने शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

**आदेश**

**= इस मामले पर नए सिरे से विचार करने और शाहनवाज हुसैन और उनके भाई को अपना पक्ष रखने देने का आदेश दिया**

## लग्जरी गाड़ियों के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**दबोचा**

**= राज्यों में डिस्पोजल होने वाली थी। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान मोहम्मद दानिश और राजा के रूप में हुई है**

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**उप्र** संभल बेस्ट इंटरस्टेट ऑटो लिफ्टर गैंग का दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने पदार्फाश किया है। इसके साथ ही पुलिस ने पांच महंगी कारें और बाइक भी बरामद की है। बरामद गाड़ियां नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में डिस्पोजल होने वाली थी। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान मोहम्मद दानिश और राजा के रूप में हुई है। इनकी गिरफ्तारी से पुलिस ने आधा दर्जन मामलों का खुलासा करने का दावा किया है। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इस गैंग को गिरफ्तार करने के लिए साउदर्न रेंज के एसीपी नरेश सोलंकी की टीम को लगाया गया था। जांच में पुलिस टीम यह पता लगाने में कामयाब हुई की दिल्ली से गाड़ियां चोरी करके दूसरे राज्य में ले जाकर डिस्पोज करते हैं। यह गैंग संभल बेस्ट है जिसके निशाने पर दिल्ली के अलग-अलग इलाके हैं। जब इस गैंग के बारे में पुख्ता जानकारी मिल गई तो अपराध शाखा की टीम ने दक्षिण दिल्ली के ओखला इलाके में ट्रैप लगाकर दोनों आरोपितों को दबोच लिया।

## बाबू जगजीवन राम अस्पताल में डॉक्टरों के साथ मारपीट, इमरजेंसी सेवा बंद, जांच शुरू

**डॉक्टरों से मारपीट**

**= देर रात तक डॉक्टरों ने इमरजेंसी सेवा ठप कर विरोध प्रदर्शन किया। अस्पताल प्रशासन ने पुलिस के साथ मिलकर जांच शुरू कर दी है**

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**बाहरी दिल्ली** के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में रविवार देर रात डॉक्टरों के साथ तीमारदारों ने मारपीट की। डॉक्टरों का आरोप है कि इमरजेंसी में एक महिला उपचार कराने आई थी। उसकी नाक से खून बह रहा था। मौके पर दो सीनियर डॉक्टर दूसरे मरीजों का उपचार कर रहे थे, लेकिन महिला के साथ आई अन्य महिलाओं ने तुरंत जांच करने के लिए कहा लेकिन डॉक्टर ने लाइन से आने को कहा। इसी दौरान तीमारदार की तरफ से नोकझोंक शुरू हो गई। डॉक्टर के पास महिला गार्ड मौके पर आए और उन्होंने महिला मरीज और तीमारदार को बाहर कर दिया। कुछ देर बाद महिला मरीज के साथ कुछ और महिलाएं आईं और उन्होंने डॉक्टरों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में डॉक्टर शिवम और अन्य डॉक्टर को चोट आई है। डॉक्टर ने बताया कि मौके पर उस समय कोई भी महिला डॉक्टर नहीं थी जिस कारण वह कुछ नहीं कर पाए। लेकिन महिला की तरफ से उनके चेहरे व शरीर पर चोट के निशान आए हैं। देर रात तक डॉक्टरों ने इमरजेंसी सेवा ठप कर विरोध प्रदर्शन किया। अस्पताल प्रशासन ने पुलिस के साथ मिलकर जांच शुरू कर दी है।

## केसीआर की बेटी कविता के सीए को राहत

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली आबकारी** नीति मामले में आरोपी तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी कविता के चार्टर्ड अकाउंटेंट बुचिबाबू गोरांटला को सोमवार को कोर्ट से राहत मिली। राउज एवेन्यू कोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई। बता दें कि सीबीआई की टीम ने चार्टर्ड अकाउंटेंट बुचिबाबू को हैदराबाद से गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने सीए बुचिबाबू गोरांटला को नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भूमिका और हैदराबाद स्थित थोक-खुदरा लाइसेंसधारियों, उनके लाभार्थी मालिकों को गलत लाभ पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया था।
**क्या है मामला?:** दरअसल, एलजी ने दिल्ली के सचिव की एक रिपोर्ट के आधार पर मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। पिछले साल 8 जुलाई को यह रिपोर्ट भेजी गई थी। जिसमें पिछले साल लागू की गई आबकारी नीति पर सवाल उठाए गए थे। आबकारी नीति (2021-22) बनाने और उसे लागू करने में लापरवाही बरतने के साथ ही नियमों की अनदेखी और नीति के कार्यान्वयन में गंभीर चूक के आरोप हैं।
**यह भी आरोप लगाए गए:** आरोपों में निविदा को अंतिम रूप देने में अनियमितताएं और चुनिंदा विक्रेताओं को टेंडर के बाद लाभ पहुंचाना भी शामिल है। रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया था कि शराब बेचने की वालों की लाइसेंस फीस माफ करने से सरकार को 144 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। आबकारी मंत्री के तौर पर मनीष सिसोदिया पर भी इन प्रावधानों की अनदेखी करने का आरोप लगाया गया था।



**राहत**

**= बता दें कि सीबीआई की टीम ने चार्टर्ड अकाउंटेंट बुचिबाबू को हैदराबाद से गिरफ्तार किया था**

## दिल्ली भाजपा ने फूंका 'आप' नेताओं का पुतला



**विरोध**

**= भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में आम आदमी पार्टी के नेताओं का पुतला जलाया**

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**राजधानी** के अलग-अलग जगहों पर केजरीवाल सरकार के कथित शराब घोटाले और भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा नेताओं ने सोमवार को होलिका दहन किया। जानकारी के अनुसार भाजपा कार्यकताओं ने दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में आम आदमी पार्टी के नेताओं का पुतला जलाया। वहीं दिल्ली भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर के बाहर मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन का पुतला दहन किया गया। वहीं सचदेवा ने केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री कहते हैं कि वह हनुमान का भक्त हैं, बावजूद इसके पूरी दिल्ली को शराब में झोंक दिया। खुद को ईमानदार कहने वाले आम आदमी पार्टी के नेता आज जेल में बंद है। केजरीवाल के सीबीआई जांच एजेंसी में फंसे हुए उनके तोता फड़फड़ा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा है कि दिल्ली सरकार को शराब की दुकान मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और स्कूलों के पास खोलने की क्या जरूरत है। एक तरफ बेहतर शिक्षा की बात करते हैं और दूसरी तरफ स्कूलों के पास ही शराब की दुकानों को खोल दिया।

## राजधानी में साइबर ठगी ने पकड़ी रफ्तार दिल्ली पुलिस को रोज मिल रही हैं 650 शिकायतें

**सावधानी बरतें**

**= हर जिले में एक साइबर थाना बनाया गया है। इसके अलावा दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ जालसाजों पर नकेल कस रही है।**

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**डिजिटल होने** के साथ ही देशभर में साइबर ठगी के मामलों में जमकर बढ़ोतरी हुई है। यही वजह है कि दिल्ली पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट (आईएफएसओ) के पास हर दिन औसत 650 शिकायतें आती हैं। देश के दूरदराज इलाकों में बैठे साइबर ठग हर रोज नए तरीके से वारदात अंजाम देते है। भोले-भाले लोग इन शातिरों के जाल में फंसकर न सिर्फ अपनी गाढ़ी कमाई गंवाते हैं, बल्कि भारी मानसिक प्रताड़ना से गुजरते हैं। कई मामलों में कुछ लोग परेशान होकर जान भी दे चुके हैं। यही वजह है कि दिल्ली पुलिस साइबर ठगी के मामलों को लेकर बहुत गंभीर है। हर जिले में एक साइबर थाना बनाया गया है। इसके अलावा दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ जालसाजों पर नकेल कस रही है। आईएफएसओ यूनिट ने एक स्टडी कर मोटे तौर पर साइबर ठगी के 13 तरीकों को वर्गीकृत किया है। आईएफएसओ के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि ज्यादातर वारदात इनके ही ईदगिर्द घूमती हैं। देशभर में सबसे ज्यादा फर्जी वेबसाइट बनाकर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी की जाती है।
**फर्जी वेबसाइट बनाकर बेरोजगारों से ठगी :** नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठग लोगों से रजिस्ट्रेशन फीस के अलावा दूसरे मदों में रुपये वसूल लेते हैं। बाद में फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिए जाते हैं। जब पीड़ित नौकरी ज्वाइन करने के लिए जाता है तो उसे ठगी का पता चलता है।
**सेक्सटॉर्शन :** सोशल मीडिया के जरिये आरोपी अकाउंट हैक कर लेते हैं। इसके बाद पर्सनल डाटा को चुराकर उनकी तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ कर ब्लैकमेल किया जाता है। इसके बदले मोटी रकम मांगी जाती है। रुपये न देने पर आरोपी डाटा से चुराए गए रिश्तेदारों के नंबरों पर गंदी तस्वीरों के अलावा फर्जी वीडियो भेज देते हैं।
**व्हाट्सएप :** आरोपी किसी बड़े अधिकारी, नेता या फिर रिश्तेदार की फोटो लगाकर वारदात करते हैं। नेता या अधिकारी की फोटो लगाकर किसी काम को करवाने का दबाव बनाया जाता है जबकि रिश्तेदारों को परेशानी होने की बात कर मदद के लिए मैसेज कर रुपये मांगे जाते हैं।
**डेटिंग एप :** डेटिंग एप से पहले किसी लड़के या लड़की से दोस्ती की जाती है। इसके बाद महंगे तोहफे भेजने के नाम पर वसूली शुरू की होती है। कई बार परेशानी का हवाला देकर भी रुपये मांगे जाते हैं। मासूम लोग जाल में फंसकर रुपये दे देते हैं।
**हर्बल और दवा या बीज के नाम पर :** आरोपी सोशल मीडिया पर हर्बल और दवा या बीज के नाम पर मोटे मुनाफे का सपना दिखाते हैं। शुरूआत में विश्वास जीतने के लिए कुछ महंगी दवाइयां कम दाम पर भेजी जाती हैं। इसके बाद मोटी रकम लेने के बाद संपर्क तोड़ दिया जाता है।

## पिता ने आठ साल की उम्र में किया दुर्व्यवहार: खुशबू सुंदर

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**अभिनेत्री** और राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने अपने जीवन के बारे में एक बड़ा चौंकाने वाला खुलासा कर सनसनी फैला दी है। खुशबू सुंदर ने कहा है कि जब वह आठ साल की थीं, तब उनके पिता ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। खुशबू ने कहा कि जब किसी बच्चे का यौन शोषण होता है, तो जीवन भर निशान बना रहता है, यह बात मायने नहीं रखती कि बच्चा लड़का है या लड़की। उन्होंने कहा कि उनकी मां बहुत अपमानजनक दौर से गुजरीं। खुशबू ने कहा, उसके पिता सोचते थे कि अपनी पत्नी, बच्चों को पीटना और अपनी इकलौती बेटी को गाली देना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। परिवार के अन्य सदस्यों के दुर्व्यवहार के डर से उसका मुंह बंद रहता था। उन्होंने कहा कि उनके साथ जो दुर्व्यवहार हुआ, क्या उनकी मां विश्वास करेंगी, क्योंकि उनकी मानसिकता 'कुछ भी हो, मेरा पति मेरा देवता है' वाली रही। खुशबू ने कहा, जब वह 15 साल की हुईं, तो सोचा कि अब बहुत हो गया और उसने अपने पिता के खिलाफ बोलना शुरू कर दिया।

## व्यापारियों ने अमेजन और फ्लिपकार्ट के पुतलों की होली जलाई

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**सरकार** की एफडीआई नीति के निरंतर घोर उल्लंघन और अमेजन एवं फ्लिपकार्ट जैसी विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की मनमानी के खिलाफ अपना आक्रोश दर्ज कराने के लिए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के झंडे तले व्यापारियों ने सोमवार को दिल्ली के घंटाघर, चांदनी चौक पर अमेजन और फ्लिपकार्ट के पुतलों की होली जलाई। कैट के आह्वान पर देश के विभिन्न राज्यों के 300 से अधिक शहरों में व्यापारिक संगठनों ने इसी तरह के विरोध प्रदर्शन कर अमेजन एवं फ्लिपकार्ट के पुतलों की होली जलाई। कैट ने सरकार से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत ई-कॉमर्स नियमों को तुरंत लागू करने और एक ई-कॉमर्स नीति को तुरंत लागू करने की पुरजोर मांग की है। साथ ही यह भी आग्रह किया है कि सेबी और ट्राई की तर्ज पर ई-कॉमर्स व्यापार को रेगुलेट करने के लिए एक सशक्त नियामक प्राधिकरण का भी गठन किया जाए। देश में ई-कॉमर्स व्यवसाय को बेहद विषाक्त करने तथा उसके स्वरूप को विकृत करने के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए दिल्ली के प्रमुख



व्यापारिक संगठनों से जुड़े व्यापारियों ने बड़ी संख्या में चांदनी चौक के घंटाघर में एकत्रित होकर और हाथों में अमेजन और फ्लिपकार्ट के पुतले लेकर नारेबाजी की। अमेजन के जेफ बेजोस और वॉलमार्ट के डग मैकमिलन के चेहरे पुतलों पर चिपकाये गए थे, जो व्यापारियों के जबरदस्त गुस्से का इजहार कर रहे थे। जबरदस्त नारेबाजी के बीच कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने दोनों पुतलों को आग के हवाले करते हुए कहा कि यह अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए भी एक चेतावनी है, जो न केवल सामानों की आपूर्ति में बल्कि खाद्यान्न, ट्रेवल और पर्यटन, मनोरंजन, कैब सेवाएं, टिकटिंग, खाद्य पदार्थों की डिलीवरी, दवाओं की ऑनलाइन डिलीवरी, शिक्षा एवं ऑनलाइन गेम सहित अन्य रिटेल क्षेत्रों में अपनी मनमानी करते हुए व्यापारियों के व्यापार को नुकसान पहुंचा रही हैं। कैट अन्य राष्ट्रीय स्तर के संगठनों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसी ई-कॉमर्स कंपनियां या तो नियमों का पालन करें या अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को भारत में बंद कर दें। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सरकार से ई-कॉमर्स कंपनियों के व्यापार मॉड्यूल की जांच करने का जोरदार आग्रह किया, क्योंकि हर कंपनी साल दर साल अपने व्यापार में भारी नुकसान दिखा रही है। इसके बावजूद देश में अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को जारी रखे हुए है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये कंपनियां रॉयल्टी के रूप में भारी मात्रा में पैसा अपने मूल देशों में स्थानांतरित कर रही हैं और भारत में घाटा दिखाकर टैक्स देने से मुंह चुरा रही हैं। भरतिया एवं खंडेलवाल ने कहा कि ई-कॉमर्स नीति एवं ई-कॉमर्स के नियमों को लागू करने का मामला लंबे समय से लंबित है।

## न्यूज फ्लैश

### मुरलीधर डीएवी विद्यालय में धूमधाम से मनाया होली का त्यौहार

**अंबाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर के मुरलीधर डीएवी विद्यालय के जूनियर विंग के प्रांगण में होली का त्यौहार बहुत ही धूम-धाम से मनाया गया ककक्षा नर्सरी से दूसरी तक के नन्हे नन्हे बच्चे इस त्यौहार को मनाने के लिए बहुत ही प्रसन्न ० उत्साहित नजर आये कसभी बच्चे सफेद टी शर्ट व ब्लू जीन्स पहने हुए थे कबच्चो ने अपने नन्हे हाथो से विधालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी, कोऑर्डिनेटर शमा शर्मा व सभी अध्यापिकाओं का गुलाल से अभिषेक किया और एक दूसरे को रंग लगाया कबच्चे इस पावन पर्व के मौके पर तरह तरह की मिठाइयां व स्वादिष्ट पकवान लेकर आये थे कसभी बच्चो ने आपस मे मिल बाँट कर मिठाइयां व पकवान खाये कहोली के पावन पर्व पर प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने भाई चारे का संदेश दिया कउन्होंने सभी बच्चों को सूखे रंगों से सुरक्षित होली खेलने के बारे मे समझाया क

### कुवि में राष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव 15 मार्च को

**कुरुक्षेत्र (मनीष कुमार)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के नेतृत्व में पहली बार बैंगलोर में आयोजित राष्ट्रीय उत्सव में केयू के कलाकारों ने थियेटर एवं संगीत में पहली बार ट्राफी जीतकर इतिहास रचा। 18 विधाओं में भाग लेकर 16 विधाओं में पुरस्कार हासिल किए। इस उपलब्धि पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक दल ने सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक दल ने राष्ट्रीय उत्सव में जो उपलब्धि हासिल की है उस पर सभी को नाज है। इससे पूर्व युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने विभाग में संगीत विभाग की अध्यक्षा डॉ. आरती श्योकन्द, ललित कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार, टीम मैनेजर डॉ. रामनिवास एवं डॉ. हरविन्द्र राणा को पुष्प गुच्छ भेंट कर योगदान हेतु बधाई प्रेषित की। डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि आगामी 15 मार्च को विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले कलाकारों की राष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी और उसके साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम को कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल करने पर सम्मानित भी करेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शुचिस्मिता, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी, उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर, धरोहर के क्यूरेटर डॉ. विवेक चावला, उप-निदेशक डीवाईसीए डॉ. गुरचरण सिंह, नितिन आदि मौजूद थे।

### गोवर्धन में पार्किंग संचालकों की मनमानी से यात्री परेशान

**मथुरा।** गिरिराज धाम में पार्किंग संचालकों की मनमानी से यात्री परेशान हैं। गिरिराज परिक्रमा को आने वाले श्रद्धालु भक्तों के वाहन खड़े करने के लिए गोवर्धन में एक मात्र मल्टी स्टोरी पार्किंग स्थल है। इसके अलावा कुछ निजी पार्किंग स्थल चल रहे हैं। पार्किंग संचालक यात्रियों से निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली करते हैं। इस पर कई बार यात्रियों का विवाद भी हो चुका है। पार्किंग संचालन के विवाद को लेकर पुलिस अधिकारियों ने पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। निजी पार्किंग स्थल बंद कराकर मल्टी स्टोरी पार्किंग संचालकों को निर्धारित शुल्क वसूल करने के निर्देश एवं अवैध वसूली पर कार्रवाई की चेतावनी दी। सोमवार को गिरिराज परिक्रमा के लिए श्रद्धालु भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मल्टी स्टोरी पार्किंग स्थल वाहनों से फुल हो गई। वाहन सड़क किनारे अव्यवस्थित खड़े होने से जाम के हालात उत्पन्न हो गए। थाना पुलिस ने आनन फानन में निजी पार्किंग स्थलों में वाहन खड़े कराकर व्यवस्थाएं सुचारू की। निजी पार्किंग स्थल शुरू होते ही मल्टी स्टोरी पार्किंग संचालक और निजी पार्किंग कर्मी आपस में टकराव हो गया। इस बीच कई यात्री को परेशानियों का सामना करना पड़ा। एसपी ग्रामीण त्रिगुण विशेन, सीओ राम मोहन शर्मा, इंस्पेक्टर नितिन कसाना ने पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। मथुरा गोवर्धन पर संचालित निजी पार्किंग स्थल बंद करा दिए। मल्टी स्टोरी पार्किंग संचालकों को निर्धारित शुल्क से अधिक वसूल करने पर कार्रवाई की चेतावनी एसपी ग्रामीण ने दी।

# खूंटैल पट्टी खाप की महापंचायत में जुटी भीड़

## एक नाबालिग सहित दो निर्दोष बच्चों को फंसाये जाने के मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाया गया

**मथुरा/लोकेश चौधरी**
**मगोर्रा में** हुई खूंटैल पट्टी खाप की महापंचायत में आसपास के गांवों से बडी संख्या में ग्रामीण जुटे। महापंचायत को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। पंचायत से पहले गांवों में मुनादी करा दी गई थी। करीब एक महीने पहले मगोर्रा क्षेत्र के गांव बंडपुरा में हुई घटना में एक नाबालिग सहित दो निर्दोष बच्चों को फंसाये जाने के मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस घटना में अज्ञात लोगों को भी शामिल दिखाया है। इस की आड में ग्रामीणों को लगातार परेशान किया जा रहा है, पुलिस ग्रामीणों का लगातार शोषण कर रही है। शुरूआत में ग्रामीणों की भावनाओं को देखते हुए विपक्ष ने इस मामले को उठाया था। इसके बाद सत्ता पक्ष से जुडे भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता सक्रिय हो गए। कुछ ही दिनों में जनपद भर के भाजपाई इस मुद्दे से जुड़ गए। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह भी लगातार ग्रामीणों से संपर्क बनाए हुए हैं। भाजपा के सह मीडिया प्रभारी ब्रज क्षेत्र चैधरी वीरभान सिंह ने महापंचायत में ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनके साथ किसी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस मामले से आलाकमान को भी अवगत करा दिया गया है। निर्दोष बच्चों को अकेला नहीं छोडा जाएगा।

न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। सेक्टर संयोजक भाजपा महानगर रवि कुंतल ने कहा कि संघर्ष भाजपा की पहचान रही है। संघर्ष के दम पर ही आज हम सत्ता में हैं।

पीड़ित और कमजोरों के लिए लडना ही हमारी पहचान है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष विक्रम मुद्गल, सोशल मीडिया प्रभारी मथुरा विधान सभा संदीप चैधरी, मीडिया प्रभारी मधुवन मंडल विनोद धनगर, बूथ अध्यक्ष सुखदेव पाल, बूथ अध्यक्ष हरदेव चौधरी, सेक्टर संयोजक मगोर्रा योगेश कुंतल, मंडल महामंत्री विश्वेनद्र चतुर्वेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मेहताब कुंतल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भूरी सिंह कुंतल, नंदकिशोर कुंतल, प्रदेश अध्यक्ष जाट समाज लक्ष्मण सिंह, हाकिम सिंह, वीरेन्द्र सिंह प्रधान मगोर्रा, हरदेव चैधरी, डा.देशराज सिंह, डा.महेन्द्र सिंह, प्रेम सिंह, औंकार सिंह, गुड्डू प्रधान मगोर्रा, गोपाल सिंह, डा.अनूप पाल आदि मौजूद रहे।



# रंजिश के चलते अंबाला छावनी के सुंदर नगर में युवक की हत्या

**अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**अंबाला** छावनी में बीती रात सुदंर नगर डीआरए क्षेत्र में 35 वर्षीय योग टीचर की हत्या कर दी गई। मृतक मनोराम अंबाला कैंट के सुंदर नगर का रहने वाला था। स्थानीय लोगों ने दो हमलावरों को उसी दुकान में बंद कर दिया। पिछले क ई दिनों से आरोपियों के साथ युवक की रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश का बदला लेते हुए उस पर हमला किया गया।

सुंदर नगर अंबाला छावनी निवासी कमलेश कुमारी ने बताया कि निखिल धवन, अंशुल और अशोक की उनके पास मीट की दुकान है। कल रविवार शाम 3 बजे निखिल, अंशुल और अशोक ने उनके साथ झगड़ा किया। इस दौरान उसके भाई मनोराम ने तीनों को समझाया था कि क्यों झगड़ रहे हो। उन्होंने पुलिस को भी शिकायत सौंपी थी। कमलेश कुमारी ने बताया कि उसका भाई रात साढ़े 9 बजे आरोपियों की दुकान के आगे से निकल रहा था। इस दौरान निखिल धवन, अंशुल और अशोक ने उसके भाई का रास्ते मे रोक हमला बोल दिया। आरोपी निखिल धवन ने अपने हाथ में पकड़ा छुरा पहले उसके भाई की छाती में मारा। अंशुल और अशोक उसके भाई मनोराम को लात मार रहे थे। शोर सुनाई देने पर जब वह मौके पर पहुंची तो निखिल ने फिर उसके भाई के माथे पर छुरा मारा।

महिला ने बताया कि वह उसके भाई को हमलावरों की चुगल से निकाल सिविल अस्पताल अंबाला कैंट लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# हॉकी खिलाड़ियों ने इंडिया वूमेन हॉकी लीग अंडर-21 का प्रथम संस्करण मे रही विजेता

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**फरवरी माह** में दिल्ली में आयोजित हॉकी इंडिया लीग अंडर- 21 के प्रथम संस्करण में लिटल एंजल्स स्कूल की महिला हॉकी खिलाड़ियों ने प्रीतम सिवाच स्पोर्टस फाऊन्डेशन का प्रतिनिधित्व करते हुए ईशिका, साक्षी, हर्षिता, खुशी, प्रियंका, इशिका पहल, कीर्ति, नंदिनी, रितिका, रितिका मान, सेजल व मनीषा ने अपने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में कुल 48 गोल स्कोर के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। हीम एकेडमी, भेलो एकेडमी, सैलूट एकेडमी व साई एकेडमी को एकतरफा गोल स्कोर से हराया। प्रतियोगिता में लगभग देशभर से 120 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रथम संस्करण में विजय प्राप्त करने के बाद अब टीम लखनऊ में होने वाली द्वितीय खेलो इंडिया वीमेन हॉकी लीग अंडर- 20 में हिस्सा लेगी। कोच द्रोणाचार्य अवार्डी प्रीतम सिवाच ने बताया कि टीम इस विजय अभियान को जारी रखते हुए द्वितीय हॉकी लीग में विजय प्राप्त करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि लिटल एंजल्स विद्यालय प्रशासन के अत्यधिक सहयोग से ही खिलाड़ी अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और लखनऊ में होने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दी।



### स्वयंसेवी छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जानकारी दी

**गन्नौर।** एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि राई विधायक मोहनलाल के भाई माईराम कौशिक व विशिष्ठ अतिथि एसडीएम डा. अनुपमा मलिक व निशकों के निदेशक सुरेश खत्री ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर अतिथियों को एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक, वरिष्ट उपप्रधान आर के मलिक, उपप्रधान एम.पी.एस.गिल, उपप्रधान संतय मित्तल, महासचिव हरप्रीत सिंह, सहसचिव हरीश कहराण ने स्वागत किया। उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता माईराम कौशिक ने कहा कि उद्योगपतियों के लिए भाजपा सरकार प्रदेश में काम कर रही है।

# आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर हुआ खाक, जैन ने लिया जायजा

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**बहालगढ़ रोड़** स्थित आर. सिटि ग्लास स्टोर में रविवार देर रात आग लगई गई जिससे दुकानदार का लाखों रुपए के गाड़ियों के शीशे, रबड़ तथा अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची परन्तु तब तक सब कुछ यहां तक कि दुकान की छत भी खत्म हो गई। मौके पर हालात का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन को पीड़ित दुकानदार शामलाल ने बताया कि रात को लगभग सवा ग्यारह बजे राहगीर ने सूचना दी कि दुकान में भयानक आग लगी हुई है, मैं पांच मिनट में ही दुकान पर पहुंचा, तब तक सब कुछ समाप्त हो चुका था। पीड़ित ने बताया कि अभी दो दिन पहले ही मैंने लाखों रुपए के ट्रकों के शीशे खरीदकर दुकान में रखे थे और आगजनी में लगभग पन्द्रह लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

पीड़ित ने बताया कि दुकान जलने से मेरा सब कुछ खतम हो गया है इसलिए सरकार की तरफ से मुआवजा दिलवाया जाये। राजीव जैन ने बताया कि प्रदेश सरकार ने जी0एस0टी0 रजिस्टर्ड व्यापारियों को स्टाक की आपदा आने पर क्षतिपूर्ति का प्रावधान व्यापारी कल्याण बोर्ड के माध्यम से कर रखा है। इसलिए आप जरूरी कागजात लगाकर बोर्ड को आवेदन कर दें, मैं मुआवजा दिलवाने में मदद करूंगा।



# धर्म परिवर्तन केवल आस्था परिवर्तन ही नहीं देशशक्ति परिवर्तन भी है : आर्य

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**आर्य बाल** भारती पब्लिक स्कूल परिसर में जिला स्तरीय अमर शहीद रक्त साक्षी पंडित लेख राम आर्य मुसाफिर का बलिदान दिवस आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान राधा कृष्ण आर्य की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। वहीं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के वेद प्रचार अधिष्ठाता रमेश आर्य, विशिष्ट अतिथि सभा के अंतरंग सदस्य राममेहर आर्य रहे। जबकि स्कूल प्रबंधक समिति के प्रधान रणदीप आर्य ने सभा का स्वागत किया उप प्रधान रवि अहलावत ने सभा का आभार व्यक्त किया स्कूल प्रबंधक राजेंद्र जागलान ने सभा का अभीनंदन करते हुए विद्यालय की प्रगति की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक ने सत्यार्थ प्रकाश की विस्तार से जानकारी दी। वहीं प्रधानाचार्य रेखा शर्मा व उपप्रधानाचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा ने मंच संचालन करते हुए बताया कि विद्यालय में सार्वदेशिक आर्य वीर दल की एवं सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल की स्थापना कर दी गई है। जिसके माध्यम से बच्चों को शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण दिया जाएगा कक्षा नौवीं के छात्र आर्यव्रत देशवाल देशवाल ने पंडित लेख राम की जीवनी और वैदिक संस्कारों पर भाषण देकर सभा को गदगद कर दिया। भजनोपदेशक रामनिवास आर्य एवं कुलदीप आर्य के पंडित लेख राम के जीवन पर आधारित भजन सुनाए। जबकि आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान राधा कृष्ण आर्य ने कहा कि धर्म परिवर्तन केवल आस्था परिवर्तन ही नहीं देश शक्ति परिवर्तन भी है, इसलिए इस बुराई को समाप्त करने के लिए आर्य समाज, सन्‌ 1875 से निरंतर अच्छे प्रयास कर रहा है इस कार्य को सफल बनाने में जहां पंडित लेख राम ने विशेष सहयोग दिया वहीं स्वामी श्रद्धानंद ने शुद्धिकरण कार्यक्रम चलाकर धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने का कार्य किया है उन्होंने कहा कि सत्यार्थ प्रकाश वेदों का सार है इसलिए सभा धर्म प्रेमियों को प्रतिदिन सत्यार्थ प्रकाश का पाठ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां वेदों का मूल संदेश कृण्वंतो विश्वमार्यम्‌ है वही विश्व का कल्याण वेदों का मुख्य उद्देश्य रहा है। वहीं रोहतक मठ से संचालित सभा आर्य शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ संस्कार भी सिखाएं जाएंगे, जबकि वैदिक धर्म व प्राकृतिक खेती का गांव गांव जाकर प्रचार प्रसार किया जाएगा।



### डीएफपीसीएल ने जारी की अपनी सीएसआर रिपोर्ट



**पानीपतः** दीपक फर्टिलाईजर्स एंड पेट्रो केमिकल्स कॉरपोरेशन लिमेटिड (डीएफपीसीएल) ने अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी (सीएसआर) पर अपनी नई रिपोर्ट को जारी किया जिसमें स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ साथ स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने के लिये महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण में दिये योगदान का उजागर किया है। रिपोर्ट में दशार्या गया है कि कंपनी की ओर से समाजिक कल्याण में संबंधित विभिन्न प्रोग्राम्स के द्वारा विकास परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया गया, जिसने कंपनी के संचालन वाले क्षेत्रों और उस के आसपास के समुदायों की जिंदगी में सकारात्मक बदलावा आया है। डीएफपीसीएल के प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी अपने सीएसआर के माध्यम से समाजिक कल्याण के लिये वचनबद्ध है। उन्होंनें कहा कि कंपनी अपने कारोबार के सभी पहलूओं में सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा दे रहे हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला और युवा सशक्तिकरण कंपनी के सीएसआर की सच्ची लगन का सूचक है और वे बेहतर भविष्य के लिये प्रयासरत रहेंगें।

### होली की मस्ती में स्वास्थ्य का भी रखें ख्याल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
होली की मस्ती समूचे ब्रज में चहुंओर छाई हुई है। लोग रंग गुलाल की होली खेल रहे हैं। एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं। घरों में पकवान बनाए जा रहे हैं। बाजार में सजे तरह तरह के होली के पकवान भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। होली की मस्ती में अगर छोटी छोटी बातों का ध्यान रखा जाए तो यह उल्लास और बढ जाता है। वहीं छोटी सी लापरवाही सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। जिला चिकित्सालय के सीएमएस मुकुंद बंसल ने बताया कि होली पर होली प्रेम भाईचारे और आपसी सौहार्द का पर्व है। यह मस्ती का पर्व पर, मस्ती के दौरान थोड़ी सी सावधानी बरती जाए तो त्योहार के रंग और चटक हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान लोग खानपान में अलग अलग तरह के पकवान और मिठाई का सेवन करते हैं। बेहतर है कि घर पर बने खानपान के सामानों के उपयोग को ही प्राथमिकता दें।

# मेयर ने वार्ड 16 के कीर्ति नगर में सुनी लोगों की समस्याएं

## गली नं 1 से 6 तक की सीवरेज और पेयजल लाइन से संबंधित समस्याओं को सुन जल्द समाधान का दिया आश्वासन

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**सोमवार** को मेयर निखिल मदान वार्ड नं 16 के कीर्ति नगर में पहुंचे और स्थानीय लोगों की जन समस्याऐं सुनी।

मेयर निखिल मदान ने बताया कि स्थानीय पार्षद मोनिका एडवोकेट के माध्यम से क्षेत्रवासियों की कुछ समस्याएं उनके संज्ञान में आयी थी। उसी को लेकर आज पार्षद मोनिका एडवोकेट के साथ उन्होंने कीर्ति नगर की गली नंबर 1 से लेकर 6 तक का दौरा किया है । इन सभी गलियों में पानी और सीवरेज की लाइन पुरानी हो चुकी है। साथ ही गलियां भी टूट चुकी है। इन सभी गलियों में नई सीवरेज लाइन और पेयजल की पाइप लाइन डालने के आदेश उन्होंने निगम अधिकारियों को दिए है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जायेगी और कार्य को पूरा करवाया जायेगा।

मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट मोनिका नागर, अनिल नागर,भीम सिंह, नफे सिंह,राजेंद्र खटक, रत्ना फौजी ओपी छिक्कारा आदि मौजूद रहे।



# नरेला क्षेत्र के कैक्टस गार्डन ने किया नाम रोशन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**पिछले** दिनों डीडीडीए के हॉर्टिकल्चर विभाग ने 26'– 26 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फ्लावर्स डे के शुभ अवसर पर फ्लावर शो का आयोजन किया था ।इसका उद्घाटन उपराज्यपाल श्री वीके सक्सेना ने किया ।इसमें दिल्ली की 11 डिवीजनों ने भाग लिया ।इनमें हॉर्टिकल्चर के क्षेत्र में विशेषज्ञों द्वारा पार्कों के सौंदर्य करण का मूल्यांकन किया गया ।प्रथम स्थान डिवीजन एक को दिया गया तथा दूसरे स्थान पर बड़ी–बड़ी दिग्गज टीमों को पछाड़कर डिविजन 10 के तहत पिछले 1 साल की अवधि में विकसित नरेला क्षेत्र के जीटी रोड टिकरी खुर्द के समीप स्थित कैक्टस गार्डन ने हासिल कर सबको चौंका दिया ।ज्ञातव्य है कि फरवरी 2022 के प्रारंभ में डिवीजन के तत्कालीन उप निदेशक उद्यान डॉ जमील अहमद जो की वनस्पति विज्ञान के विशेषज्ञ हैं ने रिटायर्ड कर्मचारी श्री कंचन को कैजुअल स्टाफ की टीम को सोंपते हुए इस कैक्टस गार्डन के विकास की जिम्मेदारी सौंपी ।उनके रिटायर होने के उपरांत श्री के आर मीणा उपनिदेशक श्री अनुज प्रताप सहायक निदेशक ने इस टीम के कुशल संचालन के लिए अनुभाग अधिकारी श्री कुंज बिहारी को इस टीम की कमान देकर विकास कार्य को सुचार रूप से जारी रखा ।उसी का नतीजा देने में टीम की दिन रात मेहनत ने 15 एकड़ में फैले उबड खाबड जमीन पर बेहतरीन कला का नमूना पेश करते हुए इस गार्डन को दर्शनीय स्थल में बदल दिया ।नागरिक अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष कलमकार राजव्रत तथा ग्राम सुधार समिति सिंघोला के महासचिव सूबे सिंह करियाणा ने इस टीम को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए डीडीए प्रशासन से इस गार्डन को और अधिक विकसित करने के लिए कार्यरत स्टाफ को अतिरिक्त वित्तीय सहायता तथा गार्डन मे बुनियादी सुविधाएं जैसे सार्वजनिक शौचालय , पार्किंग , फुटपाथ, बच्चों के झूले , संगीतमय फव्वारा , पर्याप्त संख्या में हाई मास्क लाइट तथा डीटीसी से अनुरोध कर स्टैंड की व्यवस्था कराने की मांग की ।

# 125 बेटियों को शिक्षा के लिए मंदिर कोष से मिला 'प्रियाकान्तजु विद्या धन'

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पूर्व ब्रज के जरूरतमंद परिवारों की 125 बेटियों को शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया ।प्रियाकान्त जू मंदिर कोष से देवकीनंदन महाराज ने इन्हें सामूहिक रूप से 6 लाख सैंतीस हजार पाँच सौ रुपए का चेक प्रदान किया ।मंदिर की ओर से प्रत्येक बेटी को शिक्षा के लिये ह्यप्रियाकान्तजु विद्याधनह्ल योजना अंतर्गत 5100 रुपये की धनराशि दी गयी है। सोमवार को प्रियाकान्त जू मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस भक्तों ने द्वारिका लीला, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, व्यास पूजन पूणार्हुति का वृतांत श्रवण किया ।कथा समापन से पूर्व देवकीनंदन महाराज ने बेटियों को आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुये कहा कि जब बेटियाँ पढ़ी-लिखी होंगी तो वे अपने जीवन में आने वाले कठिन समय को अपनी योग्यता से हराने में सक्षम होंगी ।विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट सचिव विजय शर्मा ने बताया कि वर्ष 2016 में प्रियाकान्त जू मंदिर स्थापना से ही ब्रज की बेटियों के लिये प्रियाकान्तजु विद्याधन योजना चलायी जा रही है ।इसमें मंदिर कोष में आने वाले चढ़ावे, दान एवं संस्था सहयोग से प्रतिवर्ष 125 बेटियों को शिक्षा के लिये आर्थिक सहायता दी जाती है।

# खेत में रास्ते को लेकर विवाद बुजुर्गों को पीटा

**अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** जिले में खेत के रास्ते को लेकर विवाद हुआ तो आरोपी ट्रैक्टर लेकर 81 वर्षीय बुजुर्ग को मारने पहुंचा गया। पीड़ित हरियाणा रोडवेज से रिटायर्ड है और गांव का नंबरदार भी है। गनीमत रही पुलिस मौके पर पहुंच गई। प्रीतम सिंह ने बताया कि वह गांव का नंबरदार भी है। रविवार दोपहर को अपना खेत जोतने के लिए गया था। यहां देखा कि रास्ते (खेत का गौहर) में काफी गड्ढे थे। वह अपने ट्रैक्टर से रास्ते को साफ करने लगा। इसी बीच, उसका पड़ोसी रजनीश उर्फ बोबी डंडा लेकर आया और गाली-गलौज करने लगा। उन्होनें बताया कि जब वह ट्रैक्टर से नीचे उतरा तो आरोपी ने उसके सिर में डंडा मारा। वह नीचे जमीन पर गिए गया और आरोपी ने डंडे से हमला बोल दिया। इसके बाद आरोपी रजनीश अपनी बाइक लेकर गांव में गया और ट्रैक्टर चढ़ाकर मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने अपने बेटे गुरमीत सिंह और पुलिस को सूचित किया। यही नहीं, आरोपी उसके घर गया और उसकी पुत्रवधू को धमकी देकर आया कि वह प्रीतम सिंह को आज खत्म करके आएगा। आरोपी थोड़ी देर बाद ट्रैक्टर लेकर खेत में पहुंचा और यहां गाली-गलौज करते हुए मारने की कोशिश करने लगा। प्रीतम सिंह ने बताया कि गनीमत रही कि पुलिस और उसका बेटा अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंच गया।

अगर पुलिस और उसका बेटा नहीं आता तो आरोपी ट्रैक्टर चढ़ाकर मार देता। आरोपी ने उसके बेटे को भी मारने की धमकी दी। मुलाना थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 323/506 केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
आदेश भारद्वाज
जिला अध्यक्ष, करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी


सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
जे.एस. नेयोल
पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र
राष्ट्रीय अध्यक्ष, ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन


सभी देशवासियों को
होली की हार्दिक
शुभकामनाएं
डा. विपिन पिव्हाल
अध्यक्ष, वीआईपी फाउंडेशन


सभी देशवासियों को
होली की हार्दिक
शुभकामनाएं
सत्यपाल शर्मा
महामंत्री, जागरूक उपभोक्ता मंच


सभी देशवासियों को
होली की हार्दिक
शुभकामनाएं
शिक्षाविद् दयानंद वत्स
संस्थापक संपादक, नेशनल मीडिया नेटवर्क
राष्ट्रीय महासचिव, अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ (रजि.)
उपाध्यक्ष, दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत


सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज सिंघल
प्रधान, श्री राधाकृष्ण दर्शन परिवार
सचिन गोयल, अनिल गोयल, राकेश जुनेजा, सुशील गुप्ता, मनोज गोयल, करन शर्मा, मुकेश गुप्ता, अक्षय बंसल,
राजकुमार गोयल, प्रमोद गर्ग, पवन जिंदल, अभिषेक बंसल, अंजू सिंघल, नियति गोयल, कुसुम गोयल, निधि गुप्ता,
दीपिका गुप्ता, पूजा गोयल, काजल शर्मा, निशा जिंदल, चांद जुनेजा, सुनीता चौधरी, गांगी मनचंदा


श्री कृष्णा रामा चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.)
सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
मुक्ता खोसला
प्रधान
राजरानी शर्मा
महामंत्री
सुनीता गोयल
कोषाध्यक्ष
मीना गुप्ता
उपाध्यक्ष

# प्राइड ऑफ नेशन अवॉर्ड सीजन-2 का हुआ आयोजन



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** के पश्चिम विहार में स्थित भारतीय विद्यापीठ इंस्टीटूयुड ऑफ कम्प्युटर एपलिकेशन एंड मैनेजमेंट में कृष्णा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा प्राइड ऑफ नेशन अवॉर्ड सीजन-2 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. एस.डी. चौहान, राजेश चौहान व अनिता चौहान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों को स्कूल बेग, स्टेशनरी और जरुरतमंद व्यक्तियों को राशन वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर पश्चिमी दिल्ली के एडीएम भीका राम मीना, द्वारका कोर्ट के जज मनीष गुप्ता, साईबर क्राइम एसीपी अरुण चौधरी, कृष्णा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा, फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश यादव, एसएचओ साईबर क्राइम संदीप पंवर, सिंगर एंड सोशल वर्कर ममता चौधरी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना के साथ की गई। इस अवसर पर बच्चों द्वारा डांस भी प्रस्तुत किया गया और गायक कलाकारों ने अपने गानों से कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिए। इस अवसर पर समाजसेवी, डॉक्टर्स, मॉडल्स, मेकअप आर्टिस्ट, सिंगर्स, गायक कलाकार सहित कई वर्ग के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की सभी अतिथियों ने प्रशंसा की। जानकारी के अनुसार कृष्णा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से समाज के हित के लिए कार्य कर रहा हैं जिसमें जरुरतमंदो को राशन, स्कूल के बच्चों को स्कूल बैग, स्टेशरी व कई बच्चों को सनातन धर्म के प्रेरित करने के लिए सुंदरकाण्ड का पाठ भी सिखाया जाता हैं।

# 'रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी करें रक्तदान'



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**गरीब** व असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े। उक्त बातें अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कही। श्री सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि ब्लड डोनेट करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करना भी एक प्रकार का पुण्य का कार्य है।


# गहलोत ने बिजली विभाग के साथ की समीक्षा बैठक


**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** के कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और बिजली विभाग के साथ अलग-अलग बैठकें की। बैठक में उन्होंने लोक निर्माण विभाग की विभिन्न परियोजनाओं और बिजली विभाग के 'समर एक्शन प्लान' पर चर्चा और समीक्षा की।

एक बयान में, दिल्ली के पीडब्ल्यूडी और बिजली मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि आज, मैंने वर्तमान परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा करने के लिए पीडब्ल्यूडी और बिजली विभाग के सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हम हर विभाग में अच्छा काम जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुझे दोनों विभागों द्वारा शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं में अच्छी प्रगति होती दिख रही है। मैंने अधिकारियों को उन परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं जो अपेक्षित तरीके से प्रगति नहीं कर रहे हैं। उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। दिल्ली में नए अस्पताल, स्कूल भवन, सड़कें और फ्लाईओवर बनाने का पीडब्ल्यूडी का काम काबिले तारीफ है। इसी तरह, बिजली विभाग द्वारा प्रस्तुत समर एक्शन प्लान इस वर्ष अपेक्षित पीक लोड को पूरा करने के अनुरूप है।"

इससे पहले पीडब्ल्यूडी के साथ हुई बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्री को पीडब्ल्यूडी के तहत वर्तमान परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। इसमें 5 नए अस्पतालों के निर्माण के लिए किए गए उनके कार्य शामिल थे जबकि 13 परियोजनाएं पहले से निर्मित अस्पतालों में शुरू की गई थीं। इसके अलावा, पीडब्ल्यूडी ने दिल्ली में सड़कों और फ्लाईओवरों, बारापुला फ्लाईओवर फेज-3, सराय काले खां टी-जंक्शन में अतिरिक्त फ्लाईओवर, प्रगति मैदान कॉरिडोर विकास और आनंद विहार और अप्सरा बॉर्डर के बीच फ्लाईओवर जैसी कुछ प्रमुख परियोजनाओं पर उनके काम के बारे में भी चर्चा की। लोक निर्माण विभाग की टीम द्वारा दिल्ली में शिक्षण संस्थानों के निर्माण की नई योजना भी प्रस्तुत की गई। कैलाश गहलोत ने दिल्ली में आगामी गर्मी के मौसम में बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए 'समर एक्शन प्लान' का आकलन करने के लिए डिस्कॉम और बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ एक अलग समीक्षा बैठक की। बॉम्बे सबअर्बन इलेक्ट्रिक सप्लाई (बीएसईएस), राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) और यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल), टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल), दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड (डीटीएल) और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान, डीटीएल ने बताया की जून 2022 में दिल्ली में 7695 मेगावाट का पीक लोड था, जबकि 2023 का अनुमानित पीक लोड जून के अंत या जुलाई 2023 की शुरूआत में लगभग 8000 मेगावाट होने की उम्मीद है। विस्तृत योजना 3 डिस्कॉम द्वारा प्रदान की गई थी।









सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
हरी किशन जिंदल
पूर्व जिला अध्यक्ष, आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी
पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी, वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र


सभी देशवासियों को
होली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सुमन शर्मा
निगम पार्षद, आजादपुर वार्ड ( वार्ड नम्बर-16)


सभी देशवासियों को
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
सीमा निगम
प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा भाजपा दिल्ली प्रदेश
राष्ट्रीय महासचिव, अखिल भारतीय कायस्थ समाज


AAP
सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
अजीत यादव
निगम पार्षद, भलस्वा वार्ड (वार्ड नम्बर-17)